

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर, शुक्रवार 8 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-249 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 9 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### आईपीएस अमित कुमार की होगी छत्तीसगढ़ वापसी

**रायपुर, 8 दिसंबर।** आईपीएस अमित कुमार की 12 वर्षों बाद छत्तीसगढ़ वापसी हो रही है। छत्तीसगढ़ कैडर के अमित कुमार को सन् 2019 में सीबीआई का ज्वाइंट डायरेक्टर नियुक्त किया गया था। इसी वर्ष उनका तबादला सीबीआई के एंटी करप्शन विंग में किया गया था। जब उन्हें प्रतिनियुक्ति पर सीबीआई भेजा गया तब वे दुर्ग के एसपी थे। वे बीजापुर, जांजगीर-चांपा, राजनांदगांव व रायपुर के भी एसपी रहे हैं। बाद में वे एडीजीपी के पद पर पदोन्नत हुए।

### 4 राज्यों में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**नई दिल्ली,8 दिसंबर।** देश के कई राज्यों में शुक्रवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं. जिन राज्यों में भूकंप आया, उनमें तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और मेघालय शामिल है. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह खबर दी. एनसीएस ने बताया कि तमिलनाडु के चेंगलपेट जिले में शुक्रवार सुबह 7 बजकर 39 मिनट पर 3.2 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए. वहीं, कर्नाटक के विजयपुरा जिले में भी भूकंप के झटके से धरती डोली है. रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गई है. एनसीएस के मुताबिक, कर्नाटक में शुक्रवार सुबह 6:52 बजे क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए. भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर था. फिलहाल किसी तरह की नुकसान की सूचना नहीं मिली है. गुजरात के कच्छ और राजकोट में सुबह 9 बजे झटके महसूस किए गए, जिसकी तीव्रता 3.9 बताई गई है. भूकंप की गहराई 20 किलोमीटर अंदर थी. वहीं, मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग में आज सुबह 8 बजकर 46 मिनट पर 3.8 की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए.

### किसानों को केवल 2 फीसदी भरना होगा प्रीमियम

**रायपुर,8 दिसंबर।** भारत सरकार किसानों के फसल नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) योजना चला रही हैं. यह भारत की प्रमुख फसल-बीमा योजना हैं, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी योजना के रूप में गिना जाता है. पीएम फसल बीमा योजना में किसानों को सिर्फ 2 फीसदी प्रीमियम पर फसलों का बीमा किया जाता हैं. बाकि शेष प्रीमियम सरकार द्वारा भरा जाता हैं. इस प्रकार किसानों को इस योजना से बहुत ही सस्ती दरों में बीमा का फायदा मिलता हैं. अब तक पीएम फसल बीमा योजना से लाखों रूपये का मुआवजा किसानों को मिल चुका हैं. अगर आप भी अपनी आने वाली रबी फसल को प्राकृतिक आपदाओं से बचाना चाहते हैं, तो तुरंत अपना रजिस्ट्रेशन करा लें.

### मोदी की गारंटी के मुरीद हुए पुतिन

**मास्को,8 दिसंबर।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि जब अपने देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की बात आती है तो भारतीय प्रधान मंत्री ₹सख्त रुख₹ अपनाते हैं। पुतिन ने आगे कहा कि पीएम मोदी को राष्ट्रीय हित और भारत के लोगों के विपरीत कोई भी कार्रवाई या निर्णय लेने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं कल्पना नहीं कर सकता कि मोदी को डराया जाएगा या कोई ऐसा कदम या कार्रवाई करने के लिए मजबूर किया जाएगा जो भारत और भारत के लोगों के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ होगा।

# विधायकों की राय पर पर्यवेक्षक चुनेंगे मुख्यमंत्री: रमन सिंह



**रायपुर,8 दिसंबर**

पर्यवेक्षकों की नियुक्ति को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा, विधायक दल की बैठक के लिए तीन पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं. यह तीनों पर्यवेक्षक विधायकों से सुझाव लेंगे. केंद्र की सहमति से विधायक दल का नेता चुनेंगे. सीएम फेस को लेकर रमन सिंह ने कहा, अभी किसी का नाम फाइनल नहीं हुआ है. जब तक राय मशवरा नहीं होंगे तब तक कहना मुश्किल है. अभी सभी नाम चर्चा में है. लोकसभा चुनाव को लेकर सरकार गठन किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में पिछले बार से बेहतर रिजल्ट आएंगे. 11 की 11 सीटें जीते इस बड़े लक्ष्य को लेकर सरकार का गठन किया जा रहा है.

छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर भाजपा के पोस्टर में न होने को लेकर रमन सिंह ने कांग्रेस पर पलटवार किया है. उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ और महतारी के प्रति सम्मान राजनीति पार्टी सीमा से हटकर है. छत्तीसगढ़ के लोगों के मन में उनका स्थान है. एश्ट को लेकर भूपेश बघेल के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा, जहां कांग्रेस जीतती है वहां चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं होती. जहां कांग्रेस पीट जाती है वहां इन्हें शंका, कुशंका होती है. बीजेपी को कोई आपत्ति नहीं बीजेपी निष्पक्ष है. नई तकनीकी के साथ आगे बढ़ना चाहिए. ईवीएम से किसी को कोई दिक्कत नहीं है. यह हार का बहाना ढूंढते हैं. बीजेपी कभी हार और जीत में कारण नहीं ढूंढते.

## भाजपा ने बनाए मुंडा,सोनोवाल,गौतम को पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली,8 दिसंबर।** मुख्यमंत्री चयन करने छत्तीसगढ़ के लिए अर्जुन मुंडा और सर्वानंद सोनोवाल और दुष्यंत कुमार गौतम पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। बीजेपी ने मध्यप्रदेश, राजस्थान के लिए भी पर्यवेक्षकों के नाम का किया ऐलान कर दिया है. ये पर्यवेक्षक ही हर राज्य में वहां के विधायकों से बात करके सीएम के चेहरे के नाम का ऐलान करेंगे.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विनोद तावड़े और सरोज पांडेय को राजस्थान का पर्यवेक्षक बनाया गया है. वहीं, हरियाणा सीएम मनोहर लाल खट्टर, के लक्ष्मण, आशा लकड़ा को



मध्यप्रदेश की जिम्मेदारी दी गई है. माना जा रहा है कि 8 दिसंबर यानि आज पर्यवेक्षक छत्तीसगढ़ पहुंच सकते हैं.

वही 9 दिसंबर को राज्य में विधायक दल की बैठक होने की बात भी सामने आ रही है।विधायक दल की बैठक के साथ राज्य में सरकार गठन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। इसी के साथ सोमवार को शपथ ग्रहण भी हो सकता है । छत्तीसगढ़ में सीएम पद को लेकर कई नामों पर चर्चा है। छत्तीसगढ़ में जिन नामों की चर्चा खूब रही है, वो विष्णुदेव साय, गोमती साय, रेणुका सिंह, डॉक्टर रमन सिंह, ओपी चौधरी और अरुण साव हैं. अब बीजेपी आलाकमान ही तय करेगा कि इन सभी में से किसे सीएम की कुर्सी में बिठाया जाएगा।

## मोहम्मद शमी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित

**नई दिल्ली,8 दिसंबर।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया है। शमी को



नवंबर महीने में शानदार प्रदर्शन के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। शमी ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लिए थे। शमी को अवॉर्ड जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया के दो खिलाड़ियों को हराना होगा। उनकी टक्कर ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और ओपनर बल्लेबाज ट्रेविस हेड है।

## राम मंदिर के लिए शुरू हो गई 24 पुजारियों की ट्रेनिंग

**अयोध्या,8 दिसंबर।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का कार्य अपने आखिरी दौर पर है। 22 जनवरी 2024 को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त भी निकल आया है। ऐसे में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां तेजी पर हैं। खास बात ये है कि राम मंदिर में पूजा अचर्ना कराने के लिए चुने गए 24 प्रशिक्षु पुजारियों की ट्रेनिंग शुरू हो गई है। राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से इन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गुरुवार को दूसरे दिन प्रशिक्षुओं ने सुबह 6 बजे त्रिकाल संध्या शुरू की, जिसमें सुबह दोपहर शाम तीनों समय संध्या वंदन का प्रावधान है। प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के दौरान फ्री आवासीय और भोजन सुविधा मिल रही है। साथ में 2 हजार रुपए मासिक भत्ता भी दिया जा रहा है। हालांकि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद नियुक्ति की गारंटी नहीं रहेगी। बुधवार को प्रशिक्षण के पहले दिन सभी प्रशिक्षुओं को अलग-अलग संतों और प्रमुख आचार्यो के आश्रम में भेजा गया जहां उन्होंने उनसे दीक्षा ग्रहण की। इसके साथ ही उन्हें वैदिक रीति से सभी अनुष्ठानों को संपादित करने के लिए अभ्यास करवाया जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट ने सभी के लिए एक ड्रेस कोड भी तय किया है। उन्हें हिदायत दी गई है कि वे तामसी आचरण और खान पान से दूर रहेंगे। साथ ही शराब और नशे की वस्तुओं का सेवन नहीं करेंगे। यह प्रशिक्षण 6 माह का है। प्रशिक्षुओं के आवास की व्यवस्था रंग वाटिका में किया गया है। उनका प्रशिक्षण श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के आवासीय कार्यालय में चल रहा है।

## भूपेश बघेल ने आदिवासियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया इसलिए कांग्रेस की हार : नेताम

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,8 दिसंबर।** सर्व आदिवासी समाज के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम का कहना है कि 2018 में आदिवासियों ने सरगुजा और बस्तर में कांग्रेस पार्टी को भरपूर वोट दिया था. लेकिन जिन अपेक्षाओं के साथ आदिवासियों ने वोट दिया था, कांग्रेस उन अपेक्षाओं को पूरा कर पाने में पूरी तरह असफल रही. नेताम का कहना है कि माओवाद के नाम पर आदिवासियों के दमन रोकने, प्राकृतिक संसाधनों की लूट रोकने और आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण को लेकर आदिवासियों ने भारी उम्मीदें पाल रखी थीं. भूपेश बघेल ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया सरकार से आदिवासियों की नाराजगी को इससे समझा जा सकता है कि बस्तर के इलाक़े में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले तक कम से कम 21 जगहों पर आदिवासी महीनों से प्रदर्शन कर रहे थे. इसी तरह राज्य के दूसरे छोर पर, हसदेव अरण्य के जंगल को बचाने के लिए आदिवासी दो साल से धरना दे रहे थे. कांग्रेस सरकार ने किसी भी इलाक़े में प्रदर्शनकारियों से बात तक करने की कोशिश नहीं की. इन धरनास्थलों पर कांग्रेस का एक भी जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा. हसदेव अरण्य में तो कोयला खदानों को रद्द करने का वादा राहुल गांधी ने 2018 के चुनाव से पहले किया था. लेकिन सत्ता में आने के बाद भूपेश बघेल की सरकार ने इसी इलाक़े में नए खदानों की स्वीकृति जारी कर दी.



बस्तर के सिलगेर में पुलिस कैंप के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे आदिवासियों पर फायरिंग में तीन लोगों की मौत के बाद कई महीनों तक आदिवासी प्रदर्शन करते रहे और उन्होंने सरकारी मुआवजा तक लेना स्वीकार नहीं किया और आंदोलन करते रहे. आरक्षण छीना, शिक्षा छीनी, नौकरी छीनी, अब लोकतांत्रिक अधिकार छीनने षड्यंत्र - भाजपा रायपुर। भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सवाल किया है कि उन्हें आखिर आदिवासियों से इतनी नफरत क्यों है कि वे आदिवासी समाज से सब कुछ छीन लेने के बाद अब आदिवासी से उसका लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिए।

## जूनियर महमूद का इंतकाल

**मुंबई,8दिसंबर।** कैंसर से जूझ रहे दिग्गज अभिनेता जूनियर महमूद का गुरुवार रात 67 साल की उम्र में निधन हो गया. उन्होंने मुंबई में अपने घर पर आखिरी सांस ली. अपने पांच दशक से ज्यादा लंबे करियर में जूनियर महमूद ने 250 से ज्यादा फिल्मों में काम कर अपनी एक्टिंग और कॉमेडी का लोहा मनवाया. दो हफ्ते पहले ही ये जानकारी सामने आई थी कि एक्टर स्टेज 4 के कैंसर की जंग लड़ रहे हैं.गुरुवार रात उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई, जिसके बाद उनका निधन हो गया. जूनियर महमूद का असली नाम नईम सैय्यद था. उन्होंने अपने फिल्मी करियर में कटी पतंग, मेरा नाम जोकर, परवरिश और दो और दो पांच समेत कई हिट फिल्मों में काम किया.जूनियर महमूद ने अपने करियर की शुरुआत एक चाइल्ड आर्टिस के रूप में फिल्म 'नौनिहाल' से की, जिसमें संजीव कुमार, बलराज साहनी और इंद्राणी मुखर्जी जैसे दिग्गज



एक्टर शामिल थे. 1967 में रिलीज हुई 'नौनिहाल' से लेकर अब तक एक्टर ने जूनियर महमूद के नाम से ही इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई. 250 से अधिक फिल्मों में अभिनय करने के अलावा, एक्टर ने कई मराठी फिल्में भी बनाईं.

## महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता रद्द

**नई दिल्ली,8 दिसंबर।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर एथिक्स कमेटी ने अपनी रिपोर्ट संसद में पेश कर दी है। इसी के चलते उनकी सदस्यता लोकसभा से रद्द कर दी गई है। कैश के बदले संसद में सवाल पूछने के मामले में पेश रिपोर्ट में महुआ की लोकसभा सदस्यता खत्म करने की सिफारिश की गई है। इस रिपोर्ट में विस्तार से महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों का ब्योरा दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महुआ मोइत्रा ने संसद में सवाल पूछने के बदले कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से गिफ्ट लिए थे। उन्होंने एक कार ली थी, इसके अलावा 2 करोड़ रुपये की कैश रकम ली थी। इन गिफ्ट्स और कैश के एवज में महुआ मोइत्रा पर संसद में गौतम अडानी और पीएम नरेंद्र मोदी से जुड़े सवाल पूछने का आरोप है।



**कार के इस्तेमाल के साथ 2 करोड़ कैश लिया**

शुक्रवार को दोपहर 12 बजे ही लोकसभा में एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट पेश की गई है। अब इस मामले में संसद में बहस होनी है और उनकी सदस्यता ही खत्म किए जाने का प्रस्ताव पारित हो सकता है। महुआ पर एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट पेश होने के बाद सदन में जमकर हंगामा हुआ और कार्यवाही ही स्थगित करनी पड़ गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि महुआ मोइत्रा पर रिश्वत लेने के जो आरोप लगे हैं, वे सीधे तौर पर साबित होते हैं और उन्हें खारिज नहीं किया जा सकता। रिपोर्ट में कहा गया है कि किसी कारोबारी से गिफ्ट लेना और उसे सदन की अपनी लॉग-इन डिटेल्स देना गलत है और यह संसदीय आचार संहिता का उल्लंघन है। इसके आगे रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि सांसद महुआ मोइत्रा को 17वीं लोकसभा से निष्कासित किया जा सकता है। इसके अलावा कमेटी ने सिफारिश की है कि महुआ के खिलाफ लगे आरोपों की जांच प्रोफेशनल एजेंसियों से करानी चाहिए और उसमें मनी ट्रेल का पता लगाया जाए। कमेटी ने कहा कि तय समयसीमा में महुआ मोइत्रा के खिलाफ जांच पूरी होनी चाहिए। दरअसल महुआ मोइत्रा के खिलाफ रिपोर्ट पेश हो गई है और सदन में इस पर जमकर हंगामा हुआ है। अब लोकसभा की कार्यवाही 2 बजे शुरू होगी और महुआ मोइत्रा को सदन से निष्कासित करने का प्रस्ताव भी आ सकता है। इस बीच बसपा सांसद दानिश अली ने महुआ का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि कमेटी ने ढाई मिनट के अंदर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। यह गलत है और बिना दूसरे पक्ष की सुनवाई के ऐसा नहीं करना चाहिए।

# टूरिज्म का सशक्त ब्रांड बनकर उभरने वाला है देवभूमि: मोदी

**देहरादून,8 दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में आकर मन धन्य हो जाता है। कुछ वर्ष पहले जब मैं बाबा केदार के दर्शन के लिए निकला था, तो अचानक मेरे मुंह से निकला था कि 21वीं सदी का ये तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक है। मुझे खुशी है कि अपने उस कथन को मैं लगातार चरितार्थ होते हुए देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि बीते दिनों उत्तरकाशी में टनल से हमारे श्रमिक भाईयों को सुरक्षित निकालने का जो सफल अभियान चला, उसके लिए मैं राज्य सरकार समेत सभी का अभिनंदन करता हूं।

मोदी ने कहा कि सामर्थ्य से भरी ये देवभूमि निश्चित रूप से आपके लिए बहुत सारे द्वार खोलने जा रही है। आज भारत विकास भी और विरासत भी के जिस मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है, उत्तराखंड उसका प्रखर उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आपको आज देश में नीति-संचालित शासन दिखेगी,



आपको आज राजनीतिक स्थिरता के लिए देशवासियों का मजबूत आग्रह दिखेगा। उन्होंने कहा कि आकांक्षी भारत आज अस्थिरता नहीं चाहता, वह आज स्थिर सरकार चाहता है। हाल में हुए विधानसभा चुनाव में हमने ये देखा है और उत्तराखंड के लोगों ने इसे पहले ही करके दिखाया है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत और भारतीयों को दुनिया जिस उम्मीद और सम्मान से देख रही है, उसे हर भारतीय एक दायित्व के रूप में ले रहा है। हर देशवासी को लगता है कि विकसित भारत का निर्माण उसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की सरकार अपनी तरफ से जमीनी सच्चाई को समझते हुए यहां तेजी से काम कर रही है और भारत सरकार की योजनाओं को, हमारे विजन को भी उतनी ही तेजी से जमीन पर उतारती है। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों की अप्रोच थी कि जो इलाके सीमा पर हैं, उनको ऐसे रखा जाए कि ्र२२ कम हो। डबल इंजन की सरकार ने इस सोच को भी बदला है। हम सीमावर्ती गांवों को लास्ट विलेज नहीं, बल्कि देश के फर्स्ट विलेज के रूप में विकसित करने में जुटे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत को देखने के लिए भारतीयों और विदेशियों दोनों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। हम पूरे देश में थीम बेस्ड टूरिज्म सर्किट तैयार कर रहे हैं। कोशिश ये है कि भारत के नेचर और हेरिटेज दोनों से ही दुनिया को परिचित कराया जाए।

# सिलेंडर की अवैध बिक्री और रीफिलिंग,खाद्य विभाग ने मारा छापा

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बलौदाबाजार,8 दिसंबर।** जिला मुख्यालय में खाद्य विभाग ने कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर अवैध रूप से गैस सिलेंडर की बिक्री और रिफिलिंग पर छापेमारी की कार्रवाई की है. इस दौरान शहर और बलौदाबाजार के ग्राम छुईहा में सड़क किनारे मकान से लगभग 100 घरेलू, व्यवसायिक उपयोग सिलेंडर और गैस रिफलिंग करने का सामान जब्त किया गया. सारे नियम कानून कायदों को ताक में रखकर सड़क किनारे जनरल स्टोर और जूते चप्पल बिक्री करने वाले दुकान की आड़ में खुलेआम सड़क पर रखकर गैस सिलेंडर की अवैध बिक्री की जा रही थी. खाद्य विभाग को सूचना मिलने पर आज कार्रवाई करते हुए दोनों दुकानों से लगभग 21 सिलेंडर भरे और खाली जब्त की गई. वहीं बलौदाबाजार भाटापारा रोड में स्थित एक मकान में अवैध सिलेंडर रखे होने की सूचना पर कार्रवाई की गई. जहां 76 सिलेंडर एचपी और इण्डेन कंपनी के भरे व





खाली मिले हैं. साथ ही नये छोटे गैस सिलेंडर और गैस रिफलिंग करने की मशीन भी मिली है. यहां स्थिति देखकर लग रहा था कि काफी वर्षों से रिफलिंग का कार्य किया जा रहा था और रिफलिंग कर सिलेंडर बेचा जा रहा था.

बलौदाबाजार भाटापारा रोड के ग्राम छुईहा मे स्थित मकान में दबिश पर खाद्य विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ी. वहीं जब शटर खोला गया तो अधिकारियों की आंखे फटी रह गई. यहां बडे.पैमाने पर नियम कानूनों को ताक में रखकर बडे गैस सिलेंडर से छोटे गैस सिलेंडर में गैस भरने की सामग्री, मशीन और खाली गैस सिलेंडर मिले हैं. जिसके बाद जिला खाली अधिकारी सहित खाली विभाग अमला कार्रवाई में जुट गया है. जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया कि अवैध रूप से गैस सिलेंडर मिलने की सूचना मिलने पर कलेक्टर के निर्देश पर आज खाली विभाग की टीम द्वारा बलौदाबाजार नगर के दो दुकानों में 21 खाली और भरे सिलेंडर मिले हैं. साथ ही बलौदाबाजार भाटापारा रोड में ग्राम छुईहा के पास गोदाम नुमा मकान में 76 खाली और भरे सिलेंडर प्राप्त हुए तथा रिफलिंग करने की मशीन भी मिली है. जिसपर कार्रवाई की जा रही है. फिलहाल खाद्य विभाग के अधिकारी यह नहीं बता पा रहे हैं कि उक्त मकान किसका है और गैस सिलेंडर रिफलिंग करने का काम कबसे किया जा रहा है. इसकी जांच की जा रही है और दोषी के विरुद्ध खाद्य विभाग के नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी.

गौरतलब यह है कि एक तरफ एजेंसियों में सिलेंडर की कमी बताई जाती है. वहीं दूसरी तरफ दुकानों के माध्यम से खुले आम गैस सिलेंडर की बिक्री और अवैध रूप से सिलेंडर रिफलिंग कर बेचे जा रहे हैं. इस तरह की अवैध रिफलिंग करना एक बड़ी घटना को भी जन्म दे सकता है. सवाल यह उठता है कि इन अवैध सिलेंडर बिक्री करने वालों को यह सिलेंडर कहा से मिलता है. अब देखने वाली बात होगी कि खाद्य विभाग कितनी पारदशिर्ता और सच्चाई से कार्रवाई करती है. फिलहाल खाघ विभाग ने जिला मुख्यालय में होने वाली घटना को टालने में कामयाबी पाई है.

## फिलिपींस, अर्जेंटीना, नाइजीरिया और मिस्र खरीदना चाहते हैं तेजस फाइटर जेट

**बंगलुरु,8 दिसंबर।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के प्रमुख सीबी अनंतकृष्णन ने कहा कि नाइजीरिया, फिलिपींस, मिस्र और अर्जेंटीना तेजस फाइटर जेट्स को खरीदना चाहते हैं. 1982 के फाल्कलैंड युद्ध के बाद इंग्लैंड ने अर्जेंटीना पर प्रतिबंध लगाया था कि दुनिया का कोई भी देश किसी भी तरह के मिलिट्री हाडर्वेयर नहीं देगा. अब इस वजह से भारत को थोड़ी दिक्कत हो सकती है, क्योंकि तेजस में कुछ उपकरण ब्रिटिश है. लेकिन इसका हल निकाल लिया जाएगा. जुलाई में अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री भारत दौरे पर आए थे. उस दौरान HAL ने अर्जेंटीना के एयरफोर्स में समझौता हुआ था कि भारत उसे दो टन क्लास के हेलिकॉप्टर बनाकर दे. साथ ही स्पेयर और सविर्सेस भी प्रोवाइड करे. फिलिपींस के साथ भी भारत के रक्षा संबंध बेहतर चल रहे हैं.

## एक नजर

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 8 दिसंबर।** भिलाई एक 13 वर्षीय किशोरी को अगवा कर उससे दुष्कर्म करने वाले आरोपित को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी से गिरफ्तार किया है दो दिन पहले आरोपित, पीड़िता को भगाकर ले गया था शिकायत मिलने पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की और 48 घंटे के भीतर आरोपित के कब्जे से पीड़िता को बरामद किया सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि लक्ष्मी नगर सुपेला निवासी आरोपित शिवम चौहान उर्फ बिट्टू (20) ने बीते चार दिसंबर को 13 वर्षीय पीड़िता का अपहरण किया था। पीड़िता को अगवा करने के बाद आरोपित उसे लेकर वाराणसी चला गया था पीड़िता के स्वजनों ने आरोपित पर ही संदेह जताया था जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू की वाराणसी में उसका लोकेशन मिलने के बाद पुलिस की टीम वहां के लिए रवाना हुई और आरोपित को गिरफ्तार किया ओरपित के कब्जे से पीड़िता को भी बरामद किया गया है पूछताछ में पीड़िता ने आरोपित द्वारा दुष्कर्म किए जाने की जानकारी दी जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपहरण के साथ ही दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की है आपरेशन मुस्कान अभियान के तहत सुपेला पुलिस ने 48 घंटे के भीतर अपहृता को किया बरामद

### चपरासी ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**भिलाई, 8 दिसंबर।** भिलाई लोक निर्माण विभाग दुर्ग में पदस्थ एक भृत्य ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली प्रारंभिक जांच में पता चला है कि विवाद के बाद दो दिन पहले उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी जिससे दुखी होकर उसने फांसी लगा ली मोहन नगर पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है पुलिस ने बताया की पीडब्ल्यूडी कालोनी सिकोलाभाठा दुर्ग निवासी शंकर नागरची (38) ने अपने घर पर फांसी लगा ली दो दिन पहले उसका उसकी पत्नी से विवाद था जिसके बाद उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी पत्नी के मायके जाने के बाद से वो काफी ज्यादा दुखी था ।

### कैमरा चोर 9 माह के बाद पकड़ाया

**भिलाई, 8 दिसंबर।** भिलाई दुर्ग के जलाराम आयोजित एक शादी समारोह से कैमरा चोरी करने वाले को पुलिस ने के नौ महीने बाद गिरफ्तार किया है आरोपित के खिलाफ चोरी की धारा के तहत कार्रवाई की गई है पुलिस ने बताया कि कोमाखान महासमुंद निवासी शिकायतकर्ता कौशल साहू शादी समारोह में वीडियो एवं फोटोग्राफी का काम करता है वो मार्च में जलाराम वाटिका दुर्ग में आयोजित शादी समारोह में वीडियो व फोटोग्राफी के लिए आया था उसके साथ सात अन्य युवक भी थे ।उन्हीं युवकों में से एक आरोपित डालेंद्र बाघ निवासी बागबाहरा महासमुंद ने एक डीएसएलआर कैमरा चोरी कर लिया था पीड़ित कौशल साहू ने इसकी शिकायत की थी जांच के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसे गिरफ्तार किया है।

### पाररास समपार फाटक बालोद गेट मरम्मत के लिये सड़क यातायात रहेगा बंद

**भिलाई, 8 दिसंबर।** रायपुर रेल मंडल के बालोद - कुसुमकसा स्टेशनों के मध्य स्थित समपार फाटक क्रमांक ष्ठ-50 चरू929/13-14 (पाररास) फाटक गेट पर रेलवे के मरम्मत का कार्य दिनांक 08.12.2023 दिन शुक्रवार को समय 21ञ्00 बजे से दिनांक 09.12.2023 दिन शनिवार को समय 09ञ्00 बजे तक समपार फाटक पर सड़क आवागमन बंद रहेगा । समपार फाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक हैं । रेल प्रशासन सभी से सहयोग की आशा करता है ।

### छह प्रकरणों में मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

कांकेर,8 दिसंबर। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा आरबीसी 6-4 के तहत् तालाब में डूबने, सर्प काटने एवं आंधी तूफान से मृत्यु होने के छह प्रकरणों में मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। नरहरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम बिरनपुर निवासी काव्यांश नेताम की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके माता-पिता सुमेश्वर नेताम एवं श्रीमती यमुना नेताम तथा ग्राम जुनवानी निवासी 39 वर्षीय संत कुमार नेताम की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती वारली नेताम को चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है।

## निधन

### उर्मिला गुप्ता

**भिलाई, 8 दिसंबर।** उर्मिला गुप्ता उम्र 80 वर्ष पत्नी स्वर्गीय शिव प्रसाद गुप्ता निवासी सुपेला हार्डवेयर लाइन भिलाई का स्वर्गवास हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 8 दिसंबर शुक्रवार को उनके निवास से दोपहर 1 बजे रामनगर मुक्तिधाम हेतु निकली। वे भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुभाष गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, पवन गुप्ता की माताजी एवं कसौंधन समाज की पूर्व अध्यक्ष अर्चना गुप्ता की सास थी।



# अनुराग बसु ने किया कलाकारों की समूह प्रदर्शनी का उद्घाटन



भिलाई, 8 दिसंबर। ललित कला अकादमी का भिलाई में रीजनल सेन्टर खोले जाने को लेकर एकत्रित राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की समूह प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रख्यात फिल्म निर्देशक अनुराग बसु ने किया। महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर के ऑडिटोरियम मे इस दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र के ई.डी. प्रोजेक्ट एस.के. मुखोपाध्याय, ई.डी. पर्सनल पवन कुमार के साथ ही कला साहित्य संस्था के पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या मे दर्शक उपस्थित थे। यह प्रदर्शनी आम जनता के अवलोकनार्थ निशुल्क दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक 10 दिसंबर रविवार तक खुली रहेगी। अनुराग बसु ने विधीवत दीप प्रज्वलित करके प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। एक-एक चित्रों और मूर्तियों का अवलोकन करते हुए उन्होंने कलाकारों के सृजनशीलता की भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्रदर्शनी में सुप्रसिद्ध चित्रकार हरिसेन, डी एस विद्यार्थी, गिलबर्ट जोसफ, रोहिणी पाटणकर, मोहन बराल, विक्रम अपना, हरीश मंडावी, उमाकांत ठाकुर, सारिका गोस्वामी, गुंजन, स्तुति, मनीष ताम्रकार, धीरज साहू की चित्रकला, अभिषेक सपन की मटपरई कला, लक्ष्लेश्वरी साहू की धान से बनाई कला के अलावा उत्तर कुमार साहू एवं अशोक देवांगन की मूर्तिकला प्रदर्शित की गई है। इन सबसे अलग परसराम साहू द्वारा प्रस्तुत फिल्मी दस्तावेज दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रही है। जिसमें साठ सत्तर दशक के फिल्मकारों से संबंधित अनेक कलाएं पत्रिकाएं प्रदर्शन के लिए रखी गई है। खैरागढ, रायपुर, बिलासपुर, कोंडागांव तथा दुर्ग भिलाई से आए इन कलाकारों ने न सिर्फ प्रदर्शनी स्थल बल्कि मुख्य स्टेज को भी अपनी चित्रकला से पाट डाला है। जिससे पुरा कला मंदिर एक प्रदर्शनी हॉल मे तब्दील हो गया है। मंचीय प्रस्तुतियों के बीच भी निगाहें इजल मे रखी गई पेन्टिंग से नहीं हट पाती है। जिसकी आए हुए समस्त अतिथियों ने मुक्तकंठ प्रशंसा की है तथा कहा कि बड़े समय बाद भिलाई में कला की ऐसी जुगलबंदी देखने को मिल रही है। इस दौरान अनुराग बसु को वरिष्ठ चित्रकार शत्रुघ्न स्वर्णकार, मोहन बराल और मनीष ताम्रकार ने उनकी बनाई पोर्ट्रेट भेंट की जिसकी नक्काशी देखकर वे हतप्रभ रह गए। प्रदर्शनी का अवलोकन मेनका वर्मा, सोनाली चक्रवर्ती, प्रवीण कालमेघ तथा ललित कला अकादमी के एक्जीक्यूटिव बोर्ड मेम्बर अंकुश देवांगन के सानिध्य में संपन्न हुआ।

# टाउनशिप में डेंगू व मलेरिया को रोकने के लिए बीएसपी का प्रयास जारी



**भिलाई, 8 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनस्वास्थ विभाग एवं जिला मलेरिया विभाग, दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से भिलाई टाउनशिप में डेंगू एवं मलेरिया रोकथाम हेतु वृहद सर्वेक्षण, लार्वानाशी के निःशुल्क वितरण एवं जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एंटीलार्वा अभियान के साथ-साथ दवा का छिड़काव, फॉगिंग, स्प्रे तथा टेमीफॉस दवा का वितरण तथा आमजनों को डेंगु से बचाव हेतु किए जाने वाले उपायों के पॉम्पलेट भी बांटे जा रहे है। डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु चलाये जा रहे इस अभियान के तहत विविध कार्यों को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है। टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में एंटीलार्वा अभियान चलाया जा रहा है। कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, इनडोर स्प्रे, आउटडोर स्प्रे, एंटी लार्वा एक्टीविटिस (आइलिंग व स्प्रे), बैकलेन स्प्रे व ऑइलिंग कार्य किया जा रहा है। साथ ही रुके हुए पानी में ऑइलिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। बीएसपी द्वारा भिलाई टाउनशिप में पोर्टेबल फॉगिंग तथा व्हीकल माउंटेड मशीन द्वारा थर्मल फॉगिंग किया जा रहा है। साफ-सफाई का विषेष ध्यान रखते हुए सभी सेक्टरों के बैक लाइन एवं गार्बेज कंटेनरों के आसपास ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव कराया जा रहा है। टाउनशिप के स्कूलों, बाजारों, एवं सार्वजनिक स्थानों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। टाउनशिप में चिन्हित मच्छरों के ब्रीडिंग प्लेस में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, ऑइलिंग किया गया। पानी जमा होने वाले स्थानों व गड्ढों में मलबा डालकर समतल किया जा रहा है ताकि पानी का जमाव ना हो सके। जमे हुए पानी में उत्पन्न लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके एवं डेंगू के मच्छर को पनपने से रोका जा सके। टाउनशिप के समस्त घरों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं टेमीफॉस दवाओं का छिड़काव एवं टेमीफॉस घोल का वितरण किया जा रहा है। जागरूकता अभियान के तहत लोगों के घर-घर जाकर समझाइश दिया जा रहा है तथा पाम्पलेट वितरण भी किया जा रहा है। लोगों को निर्देशित किया गया कि कूलर एवं पानी स्टोरेज की टंकियों को साफ रखे व पानी बदलते रहे। कूलर व पानी स्टोर करने वाली टंकियों में प्रत्येक 04 दिनों के भीतर टेमीफॉस घोल डाल दें। साथ ही जल के जमाव की स्थिति में कोई भी जला हुआ ऑइल डाल दें।

# विधायक ने सुगम यातायात,अपराध नियंत्रण के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 8 दिसंबर।** भिलाई वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन सेक्टर-6 पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे। पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर शहर के सुगम यातायात और अपराध नियंत्रण के संबंध में चर्चा की उन्होंने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा में जहां-जहां अवैध कारोबार हो रहे हैं, पुलिस उन पर कड़ाई से कार्रवाई करे। नशा जुआ सट्टा कबाड़ पूरी तरह बंद हो कांग्रेस शासनकाल में जिस तरह अपराधियों का बोलबाला दिखाई देता रहा है वैसा अब बिल्कुल नहीं चलेगा। कहा राज लाने रिकेश ने कि शहर में कानून का वह वेश बदलकर घूमेंगे कहा कि अब छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है, भाजपा अपराधियों के कारोबार और उनके मंसूबों पर न सिर्फ पानी फेरने आ गई है बल्कि ऐसे अवैध धंधों को पूरी तरह नेस्तनाबूद करेंगे ताकि शहर में अमन और शांति कायम रहे वैशाली नगर विधायक ने एएसपी शहर अभिषेक झा ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर से चर्चा की उन्होंने वैशाली नगर क्षेत्र में अवैध कारोबार, सार्वजनिक स्थल पर नशेड़ियों के जमावड़े, चौक चौराहों और शहर के मैदानों में अड्डेबाजी कर शराब पीने वालों के अलावा शहर की सड़कों पर लहराते हुए मोडिफाइड साइलेंसर वाले दुपहिया वाहन और पटाखा फायर बुलेट लेकर चलते आतंक मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए विधायक रिकेश ने बताया कि शहर में पुलिस की गश्त व्यवस्था के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा की शाम के बाद से ही वैशाली नगर क्षेत्र के चौक चौराहों पर पुलिस की गश्त करने की बात कही है सुदृढ़ शाम को विधायक रिकेश सेन खुद अलग-अलग चौराहों का निरीक्षण करने निकले सूर्या टीआई माल चौक अवंती बाई चौक और जामुल क्षेत्र में भी, चौराहे पर पुलिस टीमें पर्याप्त जवानों के साथ मुस्तैद दिखाई पड़ी। उन्होंने मुस्तैद व्यवस्था देख संतोष जताया। उन्होंने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा के सभी थाना प्रभारी को यह समझना होगा कि पूर्व शासन काल में जिस तरह भय और आतंक का वातावरण निर्मित किया गया था, वह उनकी विधानसभा के थाना क्षेत्र में अब बिल्कुल नहीं चलेगा आपराधिक गतिविधियों या अवैध कारोबार में लगे लोगों पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी यह सुनिश्चित कर लें कि उनके क्षेत्र में अवैध कारोबार, नशे के कारोबारी चोरी का सामान खरीदने वाले कबाडी इन सब की दुकान बंद हो रिकेश सेन ने कहा कि वे स्वयं वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों और शिकायत वाली जगह पर भेष बदलकर पहुंचेंगे और ऐसे में अगर उन्हें दिखाई देगा कि संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी कार्रवाई में कोताही बरत रहे हैं या फिर किसी के प्रभाव के चलते कानूनी अड़चन बन लोगों पर कार्रवाई की बजाय ढिलाई बरत रहे हैं तो ऐसे पुलिस थाना प्रभारी के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा

### शहरों की भांति गांव-गांव में घरों से कचरा एकत्रीकरण प्रारंभ

**दुर्ग 8 दिसंबर।** भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम पंचायतों को खुले में शौचमुक्त के पश्चात् ओ.डी.एफ. प्लस की अवधारणा के क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के सभी आयामों पर कार्य करते हुए स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। ग्राम पंचायतों में जहाँ एक तरफ गंदे पानी के सुरक्षित निपटान हेतु ग्रे एवं ब्लैक वॉटर मैनेजमेंट का कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु जैविक-अजैविक कचरे के सुरक्षित निपटान हेतु विभिन्न संरचनाओं का निर्माण किया गया है। ग्राम को स्वच्छ रखने हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने के लिये जागरूकता अभियान चलाकर गीले एवं सूखे कचरे का पृथक-पृथक निपटान करने की जानकारी दी जा रही है।

# ऑक्सीजन प्लांट-2 में मॉक ड्रिल का सफल आयोजन



**भिलाई, 8 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑक्सीजन प्लांट-2 में आपदा प्रबंधन अभ्यास के लिए 6 दिसम्बर 2023 को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। ऑक्सीजन प्लांट-2 को संवेदनशील माना जाता है। विदित हो कि प्रत्येक विभाग में आकस्मिक आपदा से निपटने हेतु प्रोटोकॉल बनाये गए हैं। वैधानिक नियमों के अनुसार आपदा प्रबंधन के लिए समय-समय इस प्रोटोकाल के जांच हेतु ऑक्सीजन प्लांट -2 में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। इस अभ्यास के दौरान बीएसपी के सीआईएसएफ, फायर ब्रिगेड, सेफ्टी इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट, एमएमपी-1, सिविल डिफेन्स तथा ऑक्सीजन प्लांट-2 के अधिकारियों व कार्मिकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। ओपी-2 एक संवेदनशील क्षेत्र है और इसको ध्यान में रखते हुए नियतकालीन समय में, सुरक्षा को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में 06 दिसम्बर 2023 को एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसके पूर्व ऑक्सीजन प्लांट - 2 में 13 जून 2023 को भी मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। लिक्विड ऑक्सीजन पंप के ब्रेकडाउन के लिए विद्युत रखरखाव और (लिक्विड ऑक्सीजन) स्न्ङ्ग टैंक ऑपरेटर के चार व्यक्तियों का एक समूह स्न्ङ्ग टैंक-2 में काम कर रहा था। विद्युत पैनल पर चिंगारी के कारण अचानक आग लग गई, जिसके कारण लिक्विड ऑक्सीजन टैंक के नियंत्रण कक्ष के अंदर अत्यधिक धुआं हो गया। अचानक लिक्विड ऑक्सीजन का रिसाव प्रारंभ हो गया। दो व्यक्ति फंस गए और दो व्यक्ति बाहर आए, जिन्होंने बचाव के लिए अन्य लोगों को बुलाया। यांत्रिक विभाग के व्यक्ति बचाव के लिए चिल्लाने लगे और ओपी-2 के शिफ्ट मैनेजर को सूचित किया। स्थिति का विश्लेषण करने के बाद शिफ्ट मैनेजर तुरंत मौके पर पहुंचे । इसी बीच साइट पर मौजूद बिजली विभाग के व्यक्ति ने अलार्म बजाकर संकेत दिया। शिफ्ट इंचार्ज सहायक प्रबंधक गौरव चौधरी ने, प्लांट कंट्रोल, फायर ब्रिगेड, एम.एम.पी-1 सीआईएसएफ, सेफ्टी कंट्रोल, सिविल डिफेंस, विभागाध्यक्ष और ऑक्सीजन प्लांट- 2 के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। महाप्रबंधक पी सी बाग, महाप्रबंधक एमडी नदीम खान, सहायक महाप्रबंधक शिवम, और वरिष्ठ प्रबंधक व विभागीय सुरक्षा अधिकारी एम डी साहू के साथ मौके पर पहुचकर स्थिति का नियंत्रण संभाला। इसी बीच मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी भी मौके पर पहुंचे, स्थिति संभाली और दुर्घटना पर नियंत्रण करने में सफल रहे। एक घायल व्यक्ति को ओपी-2 के लोगों ने बचाया, बाद में दूसरे व्यक्ति को भी निकाला गया। सभी संबंधित एजेंसियां फायर ब्रिगेड, ओएचएस, सिविल डिफेंस, सीआईएसएफ और सेफ्टी कंट्रोल मौके पर पहुंचीं और फंसे हुए लोगों को निकाला गया। बचाए गए दो व्यक्तियों को आवश्यक उपचार के लिए मेन मेडिकल पोस्ट भेजा गया। संदीप गर्ग एवं देवी सिंह का भी इस मॉक ड्रिल में योगदान रहा। मॉक ड्रिल की समाप्ति के बाद मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी द्वारा, सम्बंधित घटनाक्रम पर चर्चा करने और सभी एजेंसियों को धन्यवाद देने के लिए, अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

# बढ़ी ठंड तो जगह-जगह जले अलाव



**भिलाई, 8 दिसंबर।** बंगाल की खाड़ी में उठे मिचौंग तूफान के कारण पिछले चार दिनों से भिलाई-दुर्ग ट्विनसिटी में बारिश के साथ ठिठुरन बढ़ गई है। कहीं बारिश तो कहीं छींटे पड़ते रहे। इसके कारण ठिठुरन बढ़ गई है। बारिश और ठिठुरन से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तापमान में गिरावट से बढ़ी ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। वहीं मौसम विभाग ने दो दिन बाद मौसम खुलते ही और अधिक ठंड पड़ने की भविष्यवाणी की है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि न्यूनतम तापमान गिरने से प्रदेश में ठिठुरन और बढ़ने वाली है। बताया जा रहा है कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में ठंड ज्यादा पड़ने की उम्मीद है। छत्तीसगढ़ में चक्रवात के प्रभाव से मौसम का मिजाज बदल गया है। अब प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। भिलाई-दुर्ग के आउटर इलाके और ग्रामीण क्षेत्रों में ठिठुरन बढ़ गई है। इससे लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कई इलाकों में बीते तीन दिनों से ही बारिश रुक-रुक कर हो रही है। इससे प्रदेश की किसान की समस्या बढ़ गई है। आज भी शहर के कई इलाकों मेंहल्की मध्यम बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार भीषण चक्रवाती तूफान के प्रभाव से प्रदेश के कई इलाकों में हल्की मध्यम बारिश हो रही है। गुरुवार को भी सुबह से ही बादल छाए हुए हैं और कई इलाकों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के एक-दो स्थान में तेज हवा के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। रुक रुक कर बारिश होने से लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मौसम विशेषज्ञों की माने तो छत्तीसगढ़ में आने वाले दो दिनों तक मौसम का मिजाज कुछ दिनों तक ऐसे ही रहने की संभावना है। संभवतः शनिवार को बादल छंटे और सूर्य के दर्शन हो। हालांकि धूप निकलने के बाद भी ठिठुरन कम नहीं होगी। अधिकतम तापमान में वृद्धि संभव है लेकिन न्यूनतम तापमान में गिरावट के कारण ठिठुरन बढ़ सकती है।दिन का तापमान 18 से 20 के बीच बारिश के कारण छत्तीसगढ़ में दिन के तापमान में गिरावट देखी गई है। दुर्ग-भिलाई में दिन का तापमान 18 से 20 डिग्री के बीच रह रहा है। बारिश की छींटों के साथ ठंडी हवाओं के असर के कारण ठिठुरन बढ़ी हैं। वहीं दूर दूर तक कोहरा भी दिख रहा है। बुधवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस नीचे है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। प्रदेश भर में पेंड्रा रोड में न्यूनतम तापमान 16.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# चुनाव जीतने पर विधायक विजय शर्मा को क्षेत्र के हजारों लोगों ने दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 8 दिसंबर।** कवर्धा विधायक विजय शर्मा के निवास पर सुबह से गांव गांव शहर शहर से भाजपा कार्यकर्ता और युवा , महिला , किसान और सभी समाज के लोगो ने गुलदस्ता भेंटकर और मिठाई खिलाई कर और फूलो की माला पहनाकर विधायक विजय शर्मा को बधाई दी । तरुण छत्तीसगढ़ ने जब सवाल किया की भिड़ क्या संकेत देती है । विधायक विजय शर्मा ने कहा की ईश्वर की कृपा है । भाजपा कार्यकर्ता श्रीकांत उपाध्याय , नवीन ठाकुर , विजय साहू सहित हजारों लोगो ने विधायक विजय शर्मा को जीत की बधाई दी ।



### पोटिया चौक में आठ गुमटियां पर चला बुलडोजर

**दुर्ग, 8 दिसम्बर।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज शाम गुरुवार को आयुक्त लोकेश चन्द्राकर की मौजूदगी में भवन अधिकारी गिरीश दीवान,बाजार अधिकारी जावेद अली एवं टीम अमला द्वारा पोटिया कला चौक शासकीय हॉस्पिटल के सामने सहित अन्य जगहों पर जेसीबी की मदद से कब्जा तोड़ा गया। निगम द्वारा लगाया गया पेवर ब्लाक के ऊपर 8 अवैध ठेला लगाया गया था उक्त जगह को रिक्त कराकर शासकीय हॉस्पिटल पार्किंग व्यवस्था हेतु किया गया है। पेवर ब्लाक के ऊपर आठ ठेला,खोमचों और बॉस बल्ली के छपरो को भी तोड़ा गया।आयुक्त लोकेश चंद्राकर कार्रवाई के दौरान मौजूद थे।आयुक्त ने हटाये गए रिक्त जगहों पर शासकीय हॉस्पिटल के डॉक्टर व कर्मचारियो से मुलाकात कर गाड़ी पार्किंग करने की बात कही एवं स्थान पर अधिकारियों को पार्किंग बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कार्रवाही क्षेत्र में अवैध रूप से दुकान लगाने वालों को दोबारा ऐसा न करने की चेतावनी दी।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व : राज्यपाल

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर आयोजित समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

**रायपुर,8 दिसंबर।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में हुये शामिल राज्यपालसशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में हुये शामिल राज्यपाल राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित समारोह में कहा कि हमारे वीर सशस्त्र बलों ने निस्वार्थ और उल्लेखनीय बहादुरी के साथ हमारे महान राष्ट्र की सेवा की है। झण्डा दिवस उनके और उनके परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने वीर नारियों एवं माताओं, वीरता अलंकरण विजेताओं, शहीद सैनिकों के परिजनों और झण्डा दिवस के अवसर पर विशेष योगदान देने वाले दानदाताओं का सम्मान भी किया।

राज्यपाल श्री हरिचंदन ने अपने उद्बोधन के दौरान इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि झण्डा दिवस निधि से लगभग 27 महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है जिससे हम अपने भूतपूर्व सैनिकों की उचित तरीके से देखभाल करने में सक्षम होंगे। उन्होंने इस बात पर भी खुशी व्यक्त की कि राज्य सरकार ने भूतपूर्व सैनिकों के लिए ग्रुप सी के पदों में 10 प्रतिशत और ग्रुप डी में 20 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है इससे इन पूर्व सैनिकों को विभिन्न नौकरियों के रिक्त पदों में उचित लाभ मिलेगा।



सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में हुये शामिल राज्यपाल

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री हरिचंदन ने सैनिक कल्याण वेबसाईट ''फ्लेम'' का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस नये एप्लीकेशन में हमारे भूतपूर्व सैनिकों के लिए सभी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध हैं। यह एप्लीकेशन कल्याणकारी योजनाओं के पंजीकरण और कार्यान्वयन की प्रक्रिया को बहुत सरल, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाएगा। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों से आग्रह किया कि वे नई टेक्नोलॉजी का उपयोग करें और खुद को लगातार अपग्रेड करते रहें। श्री हरिचंदन ने भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीदों के परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी हैं। राज्यपाल ने झण्डा दिवस के अवसर पर 2 लाख रूपए की सहयोग राशि राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड को प्रदान की। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में हुये शामिल राज्यपाल

समारोह की शुरूआत में शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का प्रतीक बैज लगाकर श्री हरिचंदन को सम्मानित किया गया। जिला सैनिक अधिकारी कैप्टन अनुराग तिवारी ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु के संदेश का वाचन किया। समारोह में झण्डा दिवस निधि संग्रहण के उत्कृष्ट प्रयासों के लिए राज्यपाल ने रायपुर और दुर्ग के जिला कलेक्टरों और जिला सैनिक कल्याण अधिकारियों को राज्यपाल ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

## एक नजर

### पुलिस अधीक्षक ने थाना बागनदी का किया वार्षिक निरीक्षण

**राजनांदगांव 8 दिसंबर।** 6 दिंसबर को



पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग थाना बागनदी पहुंच कर थाने के रजिस्टर, रोजनामचा, लंबित अपराध, लंबित शिकायत पत्र आदि का अवलोकन कर लंबित मामलों को किसी भी स्थिति में जल्द से जल्द पूरा करने कहा गया। थाने की साफसफाई जवानों के वेशभूषा को देखे साथ ही थाना के सस्त्रागार, रिकार्ड रूम का निरीक्षण किये, थाना भवन का भी निरीक्षण किये। थाने में शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखने हेतु समझाईस दिया गया साथ ही पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी समस्या पूछ कर निदान हेतु आश्वासन दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी बागनदी निरीक्षक मनीष ध्रुव एवं थाना स्टाफ उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय एकता शिविर में टीमेश करेगी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व

**अंवरी 8 दिसंबर।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के द्वारा



राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन बिरला इंस्टीट्यूट और टेक्नोलॉजी मेसरा, पटना में 2 दिसंबर से 8 दिसम्बर तक आयोजित है, जिसमें बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका टिमेश साहू का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर पटना के लिए हुआ है। इस शिविर में स्वयंसेविका टिमेश साहू पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की ओर से छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। शिविर में संपूर्ण भारत के दस राज्यों ओडिशा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, असम, सिक्किम, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान एवम चंडीगढ़ के कुल 110 स्वयंसेवक अपनी सहभागिता प्रदान कर रहे है। राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवकों के द्वारा अपने अपने राज्य विशेष की कला-संस्कृति का आदान प्रदान किया जाता है। साथ ही स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का विकास होता है। राष्ट्रीय एकता शिविर पटना के लिए चयनित होने पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो निरंजन कुमार इकाई क्रमांक एक, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो आकांक्षा मरकाम इकाई क्रमांक दो, एन सी सी केयर टेकर श्री दिनेश्वर सलाम एवम समस्त महाविद्यालय स्टाफ सहित वरिष्ठ स्वयंसेवक रूपेश देवांगन,अपर्णा शर्मा, लीना गजेन्द्र, केसर साहू, संकेत कुमार, कुशल डिंडोलकर, तरूण सोनकर, विभा, रश्मि, मोनिका, चंचल एवम अन्य स्वयंसेवकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### गुरुघासीदास जयंती में गुरुवाणी का हो बखान,अश्लीलता को बिलकुल भी ना दे जगह:राजेश रात्रे

**अंवरी 8 दिसंबर।** दिसंबर माह को सतनामी समाज गुरु पर्व के रूप में मनाता है इस माह में सतनामी समाज के लोग 18 दिसंबर को बाबा गुरुघासीदास जयंती भव्यता के साथ मनाते है तथा 18 दिसंबर से 31 दिसंबर तक गुरु पर्व के रूप में



विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।इस दौरान प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में जयंती कार्यक्रम का आयोजन होता है।जिसमे बाबा जी के संदेशों को पंथी गीत और नृत्य एवं विचार गोष्ठी के माध्यम से जनसमुदाय तक पहुंचाया जाता है।परंतु कुछ वर्षो से जयंती कार्यक्रम में भरी भरकम खर्च कर समाज महज मनोरंजन के लिए लाखों रुपयों का खर्च कर ऑर्केस्ट्रा और नाचा जैसे कार्यक्रम करवाता है जिसमे सामाजिक कार्यक्रम के विपरित भद्दे नृत्य और गीत के माध्यम से भीड़ को उकसाने का प्रयास होता है नतीजन आयोजन के दौरान आपसी विवाद और हुल्लड़ होने की पूर्ण संभावना होती है।जिससे समाज की छवि धूमिल होती है।सामाजिक कार्यकर्ता राजेश रात्रे ने मीडिया के माध्यम से लोगों से अपील किया है की बाबा गुरु घासीदास की जयंती कार्यक्रम से भद्दे और भड़काऊ कार्यक्रमों को दूर रखें। और जयंती कार्यक्रम में बाबा जी की संदेशों का गीत,मंचन,और चौका आरती और विचार गोष्ठी के माध्यम से मानव समाज को जोड़ने की पहल हो।

# बेमौसम बारिश के चलते धान परिवहन पर विशेष ध्यान देते हुए करें कार्य:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खरीफ वर्ष 2023-24 अंतर्गत किए जा रहे धान खरीदी कार्य की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को धान बिक्री करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। बेमौसम बारिश को देखते हुए धान के परिवहन पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करें। धान को बारिश से सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान को सुरक्षित रखने के लिए कैप कव्हर की व्यवस्था रखें। मिलर्स द्वारा धान का तेजी से उठाव किया जा रहा है। उन्होंने एफसीआई गोदाम में धान रखने के संबंध में निर्देश दिए। मिलर्स द्वारा लगातार धान का उठाव होते रहना चाहिए। शनिवार एवं रविवार को भी धान का उठाव होते रहे।

खाद्य अधिकारी श्री भूपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जिले के सभी 96 धान उपार्जन केन्द्रों में 1 नवम्बर 2023 से किसानों से धान खरीदी की जा रही है। जिले में पंजीकृत किसानों की कुल संख्या 1 लाख 28 हजार 34 है, जिनमें से अब तक 37 हजार 566 किसानों ने 166486.08 मीट्रिक टन धान बेचा है। धान उपार्जन केन्द्रों से 64 धान उठाव करने वाले मिलर्स को 55116.72 मीट्रिक टन धान मिलर को प्रदाय किया गया है। 125101.32 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। इस अवसर पर जिला विपणन अधिकारी श्रीमती प्रियंका देवांगन, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ श्री सुधीर सोनी, डीएम नान श्री पीसी गोपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# पुलिस ने घर में शराब रखकर बेचने वाले के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल, द्वारा जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब, जुआ, सट्टा की रोकथाम अभियान के तहत दिनांक 06/12/2023 को थाना लालबाग स्टाफ व पेट्रोलिंग पार्टी के ग्राम बांकल की ओर रवाना किया गया था कि ग्राम बांकल निवासी भागीरथी निषाद पिता फकीर निषाद उम्र 35 साल साकिन बांकल थाना लालबाग जिला राजनांदगांव (छ0ग0) जो अपने घर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है कि मुखबीर सूचना पर रवाना टीम द्वारा समक्ष गवाहन घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया आरोपी भागीरथी निषाद को पकड़कर उसके कब्जे में रखे एक सफेद रंग की बोरी 20 बॉटल सी0जी0 फाईन विस्की शराब कुल 15 लीटर शराब कीमती 8000 / रूपये व शराब बिकी रकम 480 रूपये मिला। आरोपी को पूछताछ करने पर शराब बिकी कर अवैध धन अर्जित करना बताया गया उक्त शराब को गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया, आरोपी के विरूद्ध थाना लालबाग में अप0क्रं. 490/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर, आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में सउनि चम्पेश ठाकुर, सउनि. राजू मेश्राम, आर0 1272 सुनील बैरागी, आर. 1142 रवि वर्मा की सराहनीय भूमिका रही



# डॉ. रमन सिंह को उनके पुण्य कर्मों ने जिताया: शरद सिन्हा

**राजनांदगांव 8 दिसंबर।** शासन काल में उजड़े हुए चमन को फिर सवारेंगे डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव ङ्क रानी सूर्यमुखी देवी वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद शरद सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल के भाजपा शासन काल में मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव को चमन बना दिया था। जिसे कांग्रेस के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने 5 साल के शासनकाल में उजाड़ दिया था। कांग्रेस शासन काल के उजड़े चमन को डॉ. रमन सिंह फिर से संभारेंगे क्योंकि उन्हें उनके पुण्य ने जिताया है और वह पुण्यो के बीज बोएंगे।श्री सिन्हा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में निश्चित रूप से मोदी का जादू चला है। आने वाले समय में तेलंगाना और मिजोरम में भी कमल खिलकर रहेगा। उन राज्यों में लोकसभा चुनाव में कमल खिलाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रयास निरंतर जारी है। अब छत्तीसगढ़ में विकास के नए सोपान तय होंगे। छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह की करीब 45000 मतों से ऐतिहासिक जीत यह दर्शाता है कि उनके लोकप्रियता कितनी बढ़ी है। यह जनता जनार्दन की जीत है। आम जनता ने भाजपा को तीनों राज्यों में पूर्ण बहुमत के साथ ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार को सत्ता से बेदखल करते हुए भाजपा को बहुमत के साथ सत्ता की चाबी सोंपी है। जिस पर उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता सहित खास तौर से राजनांदगांव की जनता का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर अपना विश्वास जताया है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों पर अपना मुहर लगाया है। प्रधानमंत्री मोदी नीत केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र आम जनता से जो वादे किए हैं उन्हें पूरा करेंगे। जनता ने प्रदेश में एक स्वच्छ प्रशासन के लिए अपना मत भाजपा को देकर जीत दिलाई है। राज्य के मतदाता भारतीय जनता पार्टी की मुख्य राष्ट्रीय धारा से जुड़ चुके हैं और इसका परिणाम सामने है। भारतीय जनता पार्टी तीनो राज्य में चुनाव जीते है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की जीत कार्यकर्ताओं और भाजपा के नेताओं की लगातार मेहनत का नतीजा है। तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर मतदाताओं ने मुहर लगाकर प्रदेश में भाजपा को सत्ता सौंपी है।

### पीएम मातृ वंदना योजना के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कराने के लिए 7 से 10 दिसम्बर तक अभियान

**राजनांदगांव 8 दिसम्बर ।** भारत शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के निर्धारित पात्रता मापदंड में आने वाले सभी पात्र हितग्राहियों के सर्वेक्षण के लिए 7 से 10 दिसम्बर 2023 तक जिले में विशेष पंजीयन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। विशेष पंजीयन अभियान के पहले दिन आज जिले के 4 हजार 944 हितग्राहियों का चिन्हांकन कर पंजीयन कराया गया। शासन द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में निर्धारित मापदंडों में पात्र परिवारों के प्रथम बच्चे के जन्म पर 2 किस्तों में 5 हजार रूपए राशि तथा द्वितीय बालिका संतान होने पर एकमुश्त 6 हजार रूपए राशि दिये जाने का प्रावधान है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए विशेष अभियान के दौरान 7 से 10 दिसंबर 2023 तक हितग्राहियों का पंजीयन, प्रकरणों का सत्यापन, प्रकरण का इम्यूनाईजेशन, एप्रूवल, प्रकरणों का पेमेंट एप्रूवल, प्रकरणों का पेमेंट जनरेशन, शून्य पंजीयन वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों में पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर पंजीयन करना, हितग्राहियों के आधार से बैंक खाता लिंक करने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जायेगा।

### बैमौसम बारिश से धान की फसल बर्बाद, सरकार किसानों की सुध ले:योगेंद्र

**राजनांदगांव 8 दिसंबर।** मौसम की बेरूखी व बेमौसम बारिश से



किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। अभी लगभग पचास फीसदी किसानों के धान की कटाई व मिंजाई शेष है। फसल तैयार होने के अंतिम समय में हो रही बारिश से किसानों का सोना खेत में भीग कर खराब हो रहा है। खेतों में खड़ी फसल नम होकर गिरने लगी है। कट चुकी फसल भीग रही है। किसान खेत में ढेर लगाकर जैसे-तैसे फसल को सुरक्षित करने में जुटे है। बीते सप्ताह भर से हो रही बारिश से फसल को काफी नुकसान हो रहा है। वहीं सब्जियों में बीमारी लगना शुरू हो गया है। जिसके कारण किसान मायूस व हताश नजर आ रहा है।

जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव, किसान पेमन साहू, प्रकाश साहू ने राज्य की भाजपा सरकार से मांग करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी किसानों के हितों में बात कर उन्हें उन्नत किसान बनाने का सपना दिखाया है। आज प्रदेश के किसान मोदी जी गारंटी पर भरोसा जताते हुए प्रदेश में भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता की चॉबी सौंपी है। चूंकि अब केन्द्र व राज्य में भाजपा की सरकार है, किसानों की मांग को गंभीरता से लेते हुए कर्जमाफी कर राहत देने की मांग की है।

चूंकि छत्तीसगढ़ में विगत एक सप्ताह से मौसम खराब व बेमौसम बारिश से धान के फसलों को काफी नुकसान हो रहा है जिसके कारण लाखों किसान इस मुसीबत की बारिश से हताश व परेशान है। जिस पर किसानों ने राज्य सरकार से त्वरित मांग करते हुए दो लाख रूपए तक कर्ज माफी कर किसानों को राहत दें व प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत राहत दिलाने की मांग की है।

# मोदी ने दी गारंटी, जनता ने लगाई मोहर: चांडक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 8 दिसंबर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डब्बू चांडक ने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने को लेकर कहा कि जनता ने एक स्वच्छ प्रशासन एवं जनता के हित में कार्य करके प्रदेश का विकास करने वाली सरकार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है चुनाव के परिणाम बताते हैं कि प्रदेश की जनता भाजपा की मुख्य राष्ट्रीय धारा से जुड़ चुकी है प्रदेश की जनता कांग्रेस शासनकाल के भ्रष्टाचार लूट और वादाखिलाफी से ऊब चुकी थी जिसका परिणाम सामने है लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी होती है। जनता नेताओं के दावे घोषणाओ व खैरात देने के वादों पर विश्वास नहीं करती। भाजपा अपने चुनावी घोषणा पत्र पर पूरी तरह अमल करेगी वही प्रदेश कार्यकारिणी डब्बू चांडक ने राजनांदगांव जिला के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रत्याशी डॉ रमन सिंह की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रत्याशी डॉ रमन सिंह की लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर एक नया कीतिमान स्थापित किया है निश्चित तौर पर उनकी इस जीत से जिला के सभी कार्यकर्ताओं में पार्टी के लिए एक नई उमंग व ऊर्जा स्थापित हो गई है इसी उमंग व ऊर्जा के साथ जिला के सभी कार्यकर्ताओं आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में पूरी निष्ठावा लगन के साथ कार्य कर राजनांदगांव लोकसभा सीट से भाजपा को विजय दिलाएंगे ।



# मेगा मैराथन में मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं, प्रोफेसरों ने लिया भाग

**रायपुर 8 दिसम्बर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में गुरुवार को मेगा मैराथन आयोजित किया गया जिसमें मेडिकल कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं एवं प्रोफ़ेसरों ने भाग लिया। प्रतिष्ठित नेहरू मेडिकल कॉलेज के वार्षिक फेस्ट इंपिटस की शुरुआत मैराथन से हुई । मैराथन सुबह 7 बजे शुरू हुई, मैराथन का शुभारंभ इंपिटस के पोस्टर उद्घाटन से हुआ। मैराथन में डॉ. विवेक पात्रे (प्रोफ़ेसर रेडियोलॉजी), डॉ. अजय हलवाई (असिस्टेंट प्रोफेसर फार्मेकोलॉजी), डॉ. अंजन? (पीजी फोरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलोजी) भी शामिल रहे । मैराथन में एम बी बी एस के सभी ?छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । मैराथन शुरू होने से पहले एक ज़ुंबा डॉन्स का आयोजन हुआ, जिसने छात्रों मे ऊर्जा भर दी। सीटी की धुन के साथ मैराथन शुरू हुई। मैराथन में छात्रों एवं प्रोफेसरों ने देवेन्द्र नगर चौक से होते हुए मेकाहारा चौक फिर डेंटल कॉलेज से होते हुए वापस कॉलेज की तरफ आए। बारिश के ठंडे मौसम में भी छात्रों में उत्साह देखने लायक था। मैराथन में, डॉ. अंकित एक्का प्रथम स्थान, मनमोहन पांडे द्वितीय स्थान, हिमांशु खाखा तृतीय स्थान तथा लड़कियों में, मिमांशा सिंह प्रथम स्थान, अर्चि कांगे द्वितीय स्थान एवं लीलिमा चन्नप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नेहरू मेडिकल कॉलेज में इंपिटस उत्सव के अंतर्गत कैलामस, एनिगमा , सेल ( कल्चरल प्रतियोगिता) एवं अद्वैत का आयोजन हो रहा है। मेडिकल कॉलेज में यह उत्सव 7 - 13 दिसंबर तक आयोजित किये जायेंगे।



## आठवें कार्यकाल के पहले सार्वजानिक कार्यक्रम में फिर गरजें बृजमोहन-चलता रहेगा बुलडोजर

# सनातन का अपमान करने वालों को जनता ने दिया जवाब:बृजमोहन

**रायपुर 8 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक मतों से आठवीं बार जीत दर्ज करने के बाद गुरूवार को अपने पहले सार्वजनिक आयोजन में शामिल हुए बृजमोहन अग्रवाल. रायपुर पुष्टिकर समाज के पुरानी बस्ती में निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का विधिवत पूजन कर किया शुभारंभ. इस दौरान सनातन धर्म का अपमान करने वालों पर फिर गरजते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सनातन का अपमान करने वालों को प्रदेश की जनता ने माकूल जवाब दिया हैं. अब राजधानी सहित प्रदेश में कानून का राज चलेगा. गुंडे, बदमाशों की खैर नहीं. इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय बुलडोजर, बुलडोजर के नारे लगाने लगे जिस पर बृजमोहन ने कहा कि चल रहा हैं ना बुलडोजर ? ठीक हैं न रफ़्तार ? जनता ने समर्थन में दोनों हाथ उठाकर समर्थन किया तो बृजमोहन ने कहा कि चलते रहेगा बुलडोजर अवैध निर्माण पर, अवैध कार्यों पर. प्रदेश में फिर विकास रफ़्तार पकड़ेगा. रायपुर के सबसे बड़े शिवालय में बूढ़ेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर उन्होंने अपने आठवें सावर्जनिक कार्यकाल आगाज करते हुए कहा कि भोले बाबा ने बुलाया है. ये सब उनके ही आर्शिवाद का परिणाम हैं कि रायपुर की जनता मुझे लगातार आशीर्वाद दे रही हैं. शहर का हर नागरिक बृजमोहन हैं और किसी भी काम के लिए जनता को भटकने की आवश्यकता नहीं हैं. हर नागरकि अपने को बृजमोहन समझकर कार्य करें.



रायपुर पुष्टिकर समाज के सामुदायिक भवन के लिए उन्होंने और 10 लाख देने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि मेरी कोई ताकत नहीं हैं. मुझ में कोई दम नहीं हैं. ये सब आप सभी के मत की ताकत हैं जो मुझे लगातार सेवा करने का संबल देती हैं. बूढेश्वर बाबा और भैरुनाथ बाबा के आशीर्वाद से अब प्रदेश में कमल फूल वाली भाजपा की सरकार हैं विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं होगी. इस दौरान पुष्टिकर समाज के सभी पदाधिकारी और सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे. साथ ही आम जनता ने भी बृजमोहन अग्रवाल के आठवें कार्यकाल के इस प्रथम सार्वजानिक आयोजन में बड़ी संख्या में भाग लिया. इस दौरान नगर निगम के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

### रायपुर में छ. ग.कलार समाज के युवक-युवतियों के परिचय एवं पारिवारिक सम्मेलन 25 को

**राजनांदगांव 8 दिसंबर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 दिसम्बर 2023 को रायपुर शहर के सभी चारो मंडलों के तत्वावधान में कलार समाज का 33 वां सम्मेलन बोरियाखुर्द के मोतीनगर में आयोजित किया गया है। सम्मेलन में समाज के विवाह योग्य -युवतियों के संकलित बायोडाटा का प्रकाशन संबंध नामक पत्रिका में किया गया है,जिसका विमोचन समाज के प्रांतीय अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि श्री युवराज सिन्हा द्वारा किया जावेगा।बायोडाटा से सम्बंधित को मुफ्त में एक पत्रिका प्रदान किया जायेगा। सम्मेलन को सफल बनाने हेतु विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन रखा गया है,जैसे -रंगोली एवं चित्रकला प्रदर्शनी,कुर्सी दौड़,बच्चों का डांस,प्रेरक गीत संगीत तथा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मेरिट के आधार पर प्रतिभागियों को प्रोत्साहन हेतु पुरुष्कृत किया जयेगा।बाउंड्रीवाल निर्माण एवं सम्मेलन हेतु विशेष दानदाताओं को सम्मानित किया जावेगा। अतः समाजिक जनों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सम्मेलन को सफल बनावें।

## संपादकीय

# हारने का यकीन नहीं हो रहा

कई बार राजनीति में वह हो जाता है जो सोचा तक नहीं गया होता है,कांग्रेस के साथ छत्तीसगढ़ में यही हुआ है। उसे हारने का जरा भी यकीन नहीं था। वह मान कर चल रही थी कि जीतना तो उसी को है, उसकी सीट भले ही कम हो जाए लेकिन जीतेगी तो वही। ऐसा नहीं हुआ है इसलिए भूपेश बघेल ने मुखिया होने के नाते जनादेश का स्वीकार कर लिया है, राहुल गांधी ने जनादेश को स्वीकार कर लिया है लेकिन कांग्रेस के कई नेता मान ही नहीं रहे है कि जनता ने उन्हें हरा दिया है। वह हार के बहाने ढूंढ रहे हैं। सबसे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मप्र में कांग्रेस की हार के लिए बहाना ढूंढा कि ईवीएम में की गई गड़बड़ी के कारण चुनाव हार गए हैं। इसके बाद कांग्रेस नेता कई तरह का उदाहरण देकर यह कहने का प्रयास कर रहे हैं कि भाजपा की तीन राज्यों में जीत स्वाबाविक जीत नहीं है। जनता ने भाजपा को नहीं जिताया है बल्कि भाजपा ने ईवीएम में गड़बड़ी कर चुनाव जीता है। कांग्रेस की खीझ को समझा जा सकता है कि खासकर मप्र में क्योंकि मप्र में तो कांग्रेस के सबसे ज्यादा जीत की उम्मीद थी क्योंकि वहीं भाजपा सरकार को 18 साल हो गए थे, यानी 18 साल की एंटी इनकंबंसी के बाद कांग्रेस की उम्मीद गलत भी नहीं थी। लेकिन पीएम मोदी व उनकी टीम ने आखिरी चार महीनों में जनता की नाराजगी को दूर कर चुनाव जीत लिया। पीएम मोदी व उनकी टीम ने ऐसा कोई पहली बार नहीं किया है। उन्होनें इसके पहले गुजरात में भी बीस साल की एंटीइनकमबंसी के बाद भी कांग्रेस को हराकर ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। कांग्रेस के समझने को तैयार नहीं है कि पीएम मोदी व उनकी टीम को एंटी इनकमबंसी को समाप्त करना आता है। वह ऐसा कई राज्यों में कर चुके हैं। कांग्रेस को छत्तीसगढ़ व राजस्थान में एंटी इनकमबंसी को समाप्त कर चुनाव जीतने की चुनौती थी तो कांग्रेस दोनों राज्यों में बुरी तरह असफल रही। जनता ने जो चाहा उससे ज्यादा देने की घोषणा की लेकिन जनता ने न तो भूपेश बघेल की गारंटी पर भरोसा किया और न ही अशोक गहलोत की गारंटी की भरोसा किया। जनता ने तीनों राज्यों में मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। जनता ने मोदी पर भूपेश बघेल व अशोक गहलोत पर ज्यादा भरोसा किया। यह बात न तो चरणदास महंत को समझ में आ रही है और न कांग्रेस के प्रवक्ताओं को समझ में आ रही है। न ही दिविजय सिंह को समझ आ रही है। चरणदास महंत तो आम कांग्रेसियों की तरह कह रहे हैं कि सरकार चली गई है यकीन नही हो रहा है। कांग्रेस प्रवक्ताओं का कहना है कि भाजपा का झूठ कांग्रेस पर भारी पड़ गया है। ऐसा कह कर कांग्रेस नेता जनादेश पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। सीधी सी बात है कि कांग्रेस ने जनता से कई वादे कर वोट मांगा जनता ने बहुतम उसे नहीं दिया। जनता ने बहुमत भाजपा को दिया। इसलिए जनता ने भाजपा को जिताया है। ऐसा स्वीकार करना चाहिए। लोकतंत्र में तो हार जीत होती रहती है। पिछली बार रमन सिंह पंद्रह साल के बाद चुनाव हार गए थे तो उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा था, उन्होने जनादेश का सम्मान किया था। जिनका लोकतंत्र व जनता पर विश्वार होता है वह चुनाव में हार को स्वाभाविक रूप से स्वीकार करते हैं जनता के फैसले को ठीक बताते हैं। लोकतंत्र में माना जाता है कि जनता कभी गलत फैसला नहीं करती है। वह जो भी फैसला करती है, वह सही फैसला होता है। उसे हारने वाले को स्वीकार करना चाहिए। समझदार नेता व दल तोव वह होता है जो हार के बाद जीतने की तैयारी करता है। वह इसकी शुरुआत हारे क्यों इसका पता लगाता है। वह अपनी कमी को जानने का प्रयास करता है। कांग्रेस फिर जीत सकती यदि वह अपनी गलतियों का स्वीकार करे, अपनी कमी को दूर करे।

# तकनीक का दुरुपयोग मानवता के भविष्य के लिए खतरनाक?

**डीपफेक**

प्रियंका सौरभ



**डीपफेक तकनीक के तहत किसी फोटो या वीडियो में दूसरे का चेहरा लगा दिया जाता है। इसमें मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ का सहारा लिया जाता है। इसमें वीडियो और आडियो को साफ्टवेयर की मदद से ऐसे तैयार किया जाता है कि फेक भी रियल दिखने लगे। वायस क्लोनिंग की वजह से अब आवाज भी हुबहू कापी की जा सकती है. ऐसे कौन से तरीके हैं जिनसे एआई-हेरफेर डिजिटल मीडिया व्यक्तियों के जीवन को प्रभावित करने के साथ-साथ सार्वजनिक चर्चा को भी प्रभावित कर सकता है?**

डीपफेक डिजिटल मीडिया हैं - वीडियो, ऑडियो और छवियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है। यह मूल रूप से अति-यथार्थवादी डिजिटल मिथ्याकरण है। डीपफेक व्यक्तियों और संस्थानों को नुकसान पहुंचाने के लिए बनाए जाते हैं। कमोडिटी क्लाउड कंप्यूटिंग तक पहुंच, सार्वजनिक अनुसंधान एआई एल्गोरिदम, और प्रचुर डेटा और विशाल मीडिया की उपलब्धता ने मीडिया के निर्माण और हेरफेर को लोकतांत्रिक बनाने के लिए एक आदर्श तूफान खड़ा कर दिया है। इस सिंथेटिक मीडिया सामग्री को डीपफेक कहा जाता है। दुष्प्रचार और अफवाहें महज झुंझलाहट से लेकर युद्ध तक विकसित हो गई हैं जो सामाजिक कलह पैदा कर सकती हैं, ध्रुवीकरण बढ़ा सकती हैं और कुछ मामलों में चुनाव परिणाम को भी प्रभावित कर सकती हैं। भू-राजनीतिक आकांक्षाओं, वैचारिक विश्वासियों, हिंसक चरमपंथियों और आर्थिक रूप से प्रेरित उद्यमों वाले राष्ट्र-राज्य अभिनेता आसान और अभूतपूर्व पहुंच और पैमाने के साथ सोशल मीडिया कथाओं में हेरफेर कर सकते हैं।

दुष्प्रचार के खतरे के पास डीपफेक के रूप में एक नया उपकरण है। पोर्नोग्राफी में डीपफेक के दुर्भावनापूर्ण उपयोग का पहला मामला सामने आया था। सेंसिटी.एआई के अनुसार, 96% डीपफेक अश्लील वीडियो हैं, अकेले अश्लील वेबसाइटों पर 135 मिलियन से अधिक बार देखा गया है। डीपफेक पोर्नोग्राफी विशेष रूप से महिलाओं को लक्षित करती है। अश्लील डीपफेक धमकी दे सकते हैं, डरा सकते हैं और मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचा सकते हैं। यह महिलाओं को भावनात्मक संकट पैदा करने वाली यौन वस्तुओं तक सीमित कर देता है, और कुछ मामलों में, वित्तीय नुकसान और नौकरी छूटने जैसे आकस्मिक परिणामों का कारण बनता है। डीपफेक एक दुर्भावनापूर्ण राष्ट्र-राज्य द्वारा सार्वजनिक सुरक्षा को कमजोर करने और लक्षित देश में अनिश्चितता और अराजकता पैदा करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य कर सकता है। डीपफेक संस्थानों और कूटनीति में विश्वास को कम कर सकता है। डीपफेक का उपयोग गैर-राज्य अभिनेताओं, जैसे कि विद्रोही समूहों और आतंकवादी संगठनों द्वारा, अपने विरोधियों को भड़काऊ भाषण देने या लोगों के बीच राज्य-विरोधी भावनाओं को भड़काने के लिए उत्तेजक कार्यों में संलग्न दिखाने के लिए किया जा सकता है। डीपफेक की एक और चिंता झूठे व्यक्ति का लाभांश है; किसी अवांछनीय सत्य को डीपफेक या फर्जी समाचार कहकर खारिज कर दिया जाता है। डीपफेक का अस्तित्व ही खंडन को अधिक विश्वसनीयता प्रदान करता है। नेता डीपफेक को हथियार बना सकते हैं और मीडिया के वास्तविक हिस्से और सच्चाई को खारिज करने के लिए फर्जी समाचार और वैकल्पिक-तथ्यों की कहानी का उपयोग कर सकते हैं। डीपफेक अल्पकालिक और दीघर्कालिक सामाजिक नुकसान भी पहुंचा सकता है और पारंपरिक मीडिया में पहले से ही घट रहे भरोसे को तेज कर सकता है। इस तरह का क्षरण तथ्यात्मक सापेक्षतावाद की संस्कृति में योगदान कर सकता है, जिससे नागरिक समाज का ताना-बाना तेजी से तनावपूर्ण हो सकता है।डीपफेक में किसी व्यक्ति को असामाजिक व्यवहार में लिप्त और घृणित बातें कहते हुए दर्शाया जा सकता है जो उन्होंने कभी नहीं किया। भले ही पीड़ित बहाना बनाकर या किसी अन्य तरीके से नकली को उजागर कर सकता है, प्रारंभिक नुकसान को ठीक करने के लिए यह समाधान बहुत देर से आ सकता है। डीपफेक न केवल व्यक्तिगत गोपनीयता का उल्लंघन करते हैं बल्कि प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं, उत्पीड़न भड़का सकते हैं और झूठ का प्रचार कर सकते हैं। तदनुसार, चूंकि हम एक नया आईटी कानून बनाने के कगार पर खड़े हैं, इसलिए उनके खिलाफ हमारे कानूनी प्रयासों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। इस समस्या के समाधान के लिए अधिक विस्तृत लेंस अपनाना भी उतना ही आवश्यक है, यह पहचानते हुए कि इसका प्रभाव और परिणाम तकनीकी क्षेत्रों से परे तक फैले हुए हैं। जबकि कानून और सामग्री हटाना तकनीक-सुविधा युक्त लिंग-आधारित हिंसा के खिलाफ हमारी लड़ाई के आवश्यक घटक हैं, हमें उपयोगकर्ताओं को डीपफेक जैसे सुरक्षा खतरों के अस्तित्व और खतरों के बारे में शिक्षित करने में भी समान रूप से निवेश करना चाहिए। व्यक्तियों को घातक नुकसानों से खुद को पहचानने और बचाने के लिए सशक्त बनाकर, हम अधिक ठोस बदलाव ला सकते हैं। अनुसंधान एक प्रभावी प्रतिक्रिया रणनीति का समान रूप से महत्वपूर्ण स्तंभ है। प्रमुख तकनीकी कंपनियों के नेतृत्व में डीप फेक डिटेक्शन चैलेंज जैसे सहयोगात्मक प्रयास तकनीकी समाधानों के लिए संसाधनों को एकत्रित करने के महत्व पर जोर देते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम इस गति को जारी रखें और डीपफेक वक्र से आगे रहने के लिए गहन अनुसंधान और क्षमता निर्माण में निवेश करें। एआई की विश्लेषणात्मक क्षमता से सशक्त, नवोन्मेषी पहचान प्रौद्योगिकियों का चल रहा विकास, डीपफेक के घातक प्रभाव को कम करने के लिए एक आशाजनक मार्ग प्रदान करता है। इसके साथ ही, शिक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता, डीपफेक तकनीक के अस्तित्व और संभावित खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, व्यक्तियों को इस डिजिटल खदान को विवेक और आलोचनात्मक सोच के साथ नेविगेट करने के लिए सशक्त बना सकता है। समझदार जनता को तैयार करने के लिए मीडिया साक्षरता प्रयासों को बढ़ाया जाना चाहिए। उपभोक्ताओं के लिए मीडिया साक्षरता दुष्प्रचार और डीपफेक से निपटने का सबसे प्रभावी उपकरण है। ऑनलाइन सुरक्षा और सामग्री अखंडता को बढ़ाने की दिशा में हस्तक्षेप के अलावा, डीपफेक के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए एआई की परिवर्तनकारी क्षमता का लाभ उठाना भी महत्वपूर्ण है। एआई, सिंथेटिक मीडिया बनाने और उसका पता लगाने की अपनी क्षमता के साथ, इस डिजिटल युद्ध के मैदान में दोधारी तलवार के रूप में उभरता है। हमें दुर्भावनापूर्ण डीपफेक के निर्माण और वितरण को हतोत्साहित करने के लिए विधायी समाधान विकसित करने के लिए प्रौद्योगिकी उद्योग, नागरिक समाज और नीति निर्माताओं के साथ सहयोगात्मक चर्चा के साथ सार्थक नियमों की भी आवश्यकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म डीपफेक मुद्दे का संज्ञान ले रहे हैं, और उनमें से लगभग सभी के पास डीपफेक के लिए कुछ नीति या उपयोग की स्वीकार्य शर्तें हैं। हमें डीपफेक का पता लगाने, मीडिया को प्रमाणित करने और आधिकारिक स्त्रोतों को बढ़ाने के लिए उपयोग में आसान और सुलभ प्रौद्योगिकी समाधानों की भी आवश्यकता है। डीपफेक के खतरे का मुकाबला करने के लिए, हम सभी को इंटरनेट पर मीडिया के महत्वपूर्ण उपभोक्ता होने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, सोशल मीडिया पर साझा करने से पहले सोचना और रुकना चाहिए, और इस 'इन्फोडेमिक' के समाधान का हिस्सा बनना चाहिए। अंत में, और सबसे महत्वपूर्ण बात, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी प्रतिक्रियाएँ बचे हुए लोगों के अधिकारों और पुनर्प्राप्ति को प्राथमिकता दें। उत्तरजीवी-केंद्रित दृष्टिकोण केवल कानूनी कारर्वाई या सामग्री को हटाने के बारे में नहीं है; यह पीड़ितों को ठीक होने और आत्मविश्वास से ऑनलाइन फिर से जुड़ने में मदद करने के बारे में है। ऑनलाइन सुरक्षा और सामग्री अखंडता को बढ़ाने की दिशा में हस्तक्षेप के अलावा, डीपफेक के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए एआई की परिवर्तनकारी क्षमता का लाभ उठाना भी महत्वपूर्ण है। एआई, सिंथेटिक मीडिया बनाने और उसका पता लगाने की अपनी क्षमता के साथ, इस डिजिटल युद्ध के मैदान में दोधारी तलवार के रूप में उभरता है। एआई की विश्लेषणात्मक क्षमता से सशक्त, नवोन्मेषी पहचान प्रौद्योगिकियों का चल रहा विकास, डीपफेक के घातक प्रभाव को कम करने के लिए एक आशाजनक मार्ग प्रदान करता है। इसके साथ ही, शिक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता, डीपफेक तकनीक के अस्तित्व और संभावित खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, व्यक्तियों को इस डिजिटल खदान को विवेक और आलोचनात्मक सोच के साथ नेविगेट करने के लिए सशक्त बना सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि**-आज आपका दिन काफी लाभदायक रहेगा। अपने परिवार के साथ किसी पार्टी में शामिल होने का मौका मिलेगा। योग टीचर्स आज अपने छात्रों को कोई अच्छा सा योग सिखायेंगे जिससे वह ज्यादा ही फिट और निरोगी बनेंगे। पेट से जुड़ी समस्या से आज आपको राहत मिलेगी। ठेकेदारों को आज कोई नई बिल्डिंग बनाने का टेंडर मिलेगा, जिससे उनको काफी लाभ होगा।

**वृष राशि**-आज आपका दिन शानदार रहेगा। छात्र आज अपने जूनियर्स के साथ नया अनुभव शेयर करेंगे और उनको मोटीवेट करेंगे, जिससे वह अपनी पढ़ाई मन लगाकर सकें। जीवनसाथी आज आपके लिए कोई अच्छा सा उपहार लायेगा, जिससे आपके बीच आपसी प्रेम बढ़ेगा। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान दें वरना कोई आपकी बैक बाइटिंग कर सकता है।

**मिथुन राशि**-आज आपका दिन बढि ?ा रहेगा। आपके परिवार के बीच चल रही अनबन समाप्त हो जाएगी। आज आपको फिजूल खर्चों से बचने की जरूरत है। मैथ्स के स्टूडेंट्स का दिन आज काफी बिजी रहेगा। रोज की अपेक्षा आज आपकी सेहत काफी अच्छा रहने वाला है। आज आपका काम बेहतर ढंग से पूरा होगा, जिससे रिलेक्स महसूस करेंगे। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होगा।

**कर्क राशि**-आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिल जायेगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। माताएं आज अपने बच्चों की मनपसंद डिश बनाएंगी जिससे बच्चों मे आज काफी उत्साह और खुशियां देखने को मिलेगी। किसी बिजनेस के सिलसिले में विदेश जाएंगे। आज आपका मन धार्मिक कार्यों में लगेगा, परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर भगवान के दर्शन करने जाएंगे।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। आज पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा, परिवार में खुशियाँ आएँगी। फैशन डिजाइनर का काम कर रहे लोगों को आज किसी कस्टमर से अच्छा लाभ मिलेगा। जीवनसाथी आज आपको खुश होने की वजह देंगे, साथ में किसी रेस्टोरेंट में डिनर करने जाएंगे। आज आपके कार्यों से बॉस प्रसन्न रहेंगे, आपकी पदोन्नति होगी।

**कन्या राशि**-आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आयेगा। दाम्पत्य जीवन में मिठास बढ़ेगी, एक दूसरे को अच्छे से समझेंगे और उनकी भावनाओं की कद्र करेंगे। किसी कहानीकार की जीवनी ज्यादा लोगों के द्वारा पसंद की जाएगी और उसके लिए उसको सम्मान भी मिलेगा। होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स का आज प्लेसमेंट किसी अच्छी जगह और अच्छे पैकेज के साथ होगा। बाहर के जंक फूड खाने से आपको बचना चाहिए।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। सिंगर्स को उनके अच्छे गाने के लिए अवार्ड मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों से सहायता मिलेगी, जिससे आपका कोई प्रशासनिक कार्य पूरा हो जायेगा। आज आप अपना कोई भी काम करने से पहले अपने पिता की सलाह जरुर लें, जिससे आप उस काम में सफल होंगे। आपके सारे रुके हुए कार्य आज पूरे होंगे, जिससे आपको रिलेक्स महसूस होगा।

**वृश्चिक राशि**-आज आप दिन की शुरुआत उत्साह से करेंगे। आज आप अपने परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाएंगे, वहां भगवान की भक्ति का आनंद उठाएंगे। किसी मित्र से आज आपको सहायता मिलेगी, जिससे आप काफी खुश होंगे। गुस्से से आपके काम बिगड़ सकते हैं, इसलिए आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना होगा। आज आप अपने परिवारके साथ डिनर करने के लिए किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जाएंगे।

**धनु राशि**-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। छात्रों को सीनियर्स से अपने प्रोजेक्ट पूरा करने में सहयोग मिलेगा। मोबाइल एसेसरीज का बिजनेस कर रहे लोगों को आज अधिक मुनाफा मिलेगा। कोई पुराना फंसा हुआ धन वापिस मिल सकता है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। अपने बड़ों की बात आज ध्यानपूर्वक सुनें, जो आगे चलकर आपके लिए कारगर साबित होगी। संतान के प्रति आज आपका विश्वास बढ़ेगा, बिजनेस में संतान का पूरा सहयोग आपको मिलेगा।

**मकर राशि**-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज अपना बिजनेस मित्र की सहायता से किसी दूसरे शहर में शुरू करेंगे। लवमेट्स आज अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे, जिससे उनके रिश्ते को और अधिक मजबूती मिलेगी। माता- पिता आज बच्चों के स्कूल में पैरेंट्स मीटिंग अटेंड करेंगे, बच्चों के अच्छे रिजल्ट के बारे में बताया जायेगा। आप के क्षेत्र में आज कोई राजनीतिक समारोह होगा जिसमें आप शामिल होंगे। पुरानी जायदाद के क्रय-विक्रय से धन लाभ के संकेत दिखाई दे रहें हैं।

**कुंभ राशि**-आज आपका दिन काफी सुनहरा होगा। नवविवाहित दम्पति अपने जीवनसाथी को कोई अच्छी सी डिश बना कर खिलायेंगी। तैयारी कर रहे छात्रों को अपनी तैयारी जारी रखने की जरूरत है, सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। किसी विदेश में रह रहे मित्र के साथ वीडियो कॉल पर बातचीत करेंगे। अपने पुराने उलझे हुए मामलो को आज सुलझाएंगे जिससे आपकी उलझन कम होगी।

**मीन राशि**-आज आपका दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। विद्यार्थियों को मेहनत से पढ़ने की जरूरत है, जिससे वह काफी अच्छा रिजल्ट ला सकें। सब्जियों के कारोबारियों को आज ज्यादा लाभ मिलेगा। आज आप काफी उत्साहित रहेंगे। आपके घर पर कोई बचपन का मित्र मिलने आयेगा, जिससे आपके घर पर खुशियों का माहौल होगा। नये प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले उससे जुड़े किसी अनुभवी की सलाह अवश्य लें।

# महंगाई होती तो हम कैसे जीतते

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**






न्यूज चैनलों के प्रभाव और कुछ अपनी सृजनात्मकता जोड़ एक दिन बच्चे साक्षात्कार का खेल खेल रहे थे = देखिए मैडम आप पहले पत्रकारिता की एबीसीडी सीख आइए। आपने हमें फोन करके साक्षात्कार के लिए स्टूडियो में बुलाया। मैंने फोन पर ही बता दिया था कि आप मुझसे ऐसे वैसे सवाल नहीं करेंगी। फिर भी आप मुझसे ऐसे-वैसे सवाल करती जा रही हैं। आपको क्या लगता है कि हम डरते हैं? आपके सवाल सुनकर भाग जायेंगे? तो आप इस गलतफहमी में कतई मत रहिए। हमारी चमड़ी के बारे में आप कतई नहीं जानती। सरकार चलाना बच्चों का खेल नहीं है। दिखाने से ज्यादा छिपाना और बोलने से ज्यादा चुप रहना पड़ता है। आप जैसे विपक्षी टुकड़ों पर पलने वाले न जाने कितने पत्रकार आए और गए। मजाल कि वो हमारा कुछ उखाड़ पाए हों। हमारी सरकार छप्पन इंची सीना लिये घूमती है। - मंत्री जी भड़कते हुए बोले। अरे मंत्री जी मैंने कब कहा कि आप डरते हैं। मैंने बस इतना पूछा कि बढ़ती महंगाई से जनता बेहाल है। इस महंगाई को रोकने के लिए आपकी सरकार क्या कर रही है? झ पत्रकारा ने विनम्रतापूर्वक पूछा।

महंगाई? यह किस चिड़िया का नाम है? कैसी मंहगाई? कहाँ की महंगाई? कौन कहता है यहाँ महंगाई है? महंगाई देखने का इतना ही शौक है तो पड़ोसी देश चले जाइए। तब पता चलेगा कि महंगाई किसे कहते हैं? वहाँ पर लोग दाने-दाने को तरस रहे हैं। - मंत्री जी तैश में आते हुए कहा।

वाह मंत्री जी! आप तो कमाल करते हैं। जब चोट खुद को लगी है तब बगल वाले की चोट देखकर अपनी पीड़ा थोड़े न मिटायेंगे। हम रहते तो इसी देश में हैं न! फिर यहाँ की महंगाई छोड़ पड़ोसी देश की बात क्यों करें? झ पत्रकारा मंत्री जी को घेरने लगी। देखिए अपनी डेढ़ होशियारी अपने पास रखिए। यह चपड़-चपड़ मेरे पास नहीं चलेगी। यदि जनता बिगड़ गई तो फिर आपकी खैर नहीं है। जो चीज है ही नहीं उसके बारे में बार-बार पूछकर अपना टीआरपी बढ़ाना चाहती हैं, तो आप हमसे दूर ही रहिए। अगर महंगाई होती तो हम इतने चुनाव कैसे जीतते? और तो और जिन राज्यों में हमारी सरकार नहीं थी, वहाँ के लोगों ने हमें सामने से बुलाकर शासन थमाया है। तो क्या लगता है आपको कि जनता मूर्ख है और आप ही दुनिया की एकमात्र समझदार हैं। जाइए-जाइए, बहुत देखे आप जैसे। इन सवालों का मुँहतोड़ जवाब देने की ताकत रखते हैं इसीलिए सत्ता में काविज हैं। - मंत्री जी ने आँखें दिखाते हुए कहा। तो आप यह कहना चाहते हैं कि जनता बहुत खुश है। महंगाई जैसी कोई चीज नहीं है। पेट्रोल, डीजल, टमाटर, दाल, तेल सभी की पहुँच में हैं। क्या मैं आपके समाधान का यही आशय लूँ? - पत्रकारा ने मंत्री जी से संदेह जताते हुए पूछा।

देखिए पहली बात तो यह कि हमारी सरकार के शब्दकोश में महंगाई जैसा कोई शब्द नहीं है। हमारी सरकार से पहले सिर्फ महंगाई हुआ करती थी। अब सिर्फ सुख ही सुख है। महंगाई होती तो गाड़ियाँ क्यों चलतीं? रुक क्यों नहीं जातीं? लोग भूखे क्यों नहीं मरते? कहीं आपने पढ़ा या देखा कि पेट्रोल की कीमत से किसी की मौत हो गई या फिर टमाटर के दाम से दिल का दौरा पड़ा? आज लोग देशभक्त हो गए हैं। हमारे शासनकाल में पेट्रोल, डीजल, टमाटर, दाल, तेल क्या हर चीज की खरीदी बड़े प्यार और देशभक्ति से करते हैं। जनता की देशभक्ति इतनी उमड़ रही है कि उनका बस चले तो वह सिर्फ अगली बार के लिए नहीं, हमेशा के लिए हमें सत्ता सौंप देना चाहते हैं। मैं तो कहता हूँ अब इस देश में चुनावों की भी जरूरत नहीं है। लेकिन मुझे संदेह हो रहा कि आप देशभक्त नहीं हैं। आप जनता की चुनी सरकार का अपमान करने पर तुली हैं। यह काम केवल देशद्रोही कर सकता है। लगता है आप देश विरोधी शक्तियों के साथ हाथ मिलाकर देश को तोड़ना चाहती हैं। हम आपके इन बुरे मंसूबों पर पानी फेर देंगे। यदि आप पड़ोसी देश जाना चाहती हैं, तो जैसी आपकी इच्छा। फिर करते हैं आपका कोई न कोई बंदोबस्त.... सवालों से शिकार करने चली पत्रकारा अंत में खुद शिकार बनते देख मुस्कुराते हुए कहने लगी - अरे-अरे मंत्री जी ऐसा न कहिए। भला जल में रहकर मगरमच्छ से बैर करूँगी? नहीं-नहीं मंत्री जी आपने इतना बढ़िया जवाब दिया कि चारों ओर देशभक्ति के नारे गूँज रहे हैं। आप और आपकी सरकार का कोई जवाब नहीं है। यह महंगाई तो केवल मेरा भ्रम है। इस तरह पत्रकारा के कथन से उसकी नौकरी और चैनल की दुकान दोनों नपते-नपते बच गए। मंत्री जी जाते-जाते पत्रकारा को सुझाव देते हुए बोले झ दिखने में खूबसूरत हो। स्मार्ट हो। अपने मार्फत हमारा और हमारी सरकार का प्रचार-प्रसार करो। किसे पता बहुत जल्द चुनावों में टिकट ही मिल जाए।

**भ्रष्टाचार विरोधी दिवस विशेष**

**डॉ. प्रितम भी. गेडाम**

# भ्रष्टाचार देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा



भ्रष्टाचार समाज का वो नासूर है जो समृद्ध समाज के विकास के लिए सबसे बड़ी बाधा बनता है। लालच या मजबूरी के कारण लोग भ्रष्टाचार का विरोध करने के बजाय उसे लगातार बढ़ावा देते हैं, जिससे अक्सर न्याय और मानवता की हार होती है। जिन्हें फायदा होता है वे अपने पद, शक्ति और प्रतिष्ठा का दुरुपयोग कर सरकार और जनता को लूटते हैं। हमें अक्सर कहीं न कहीं भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है, अनेक लोग कड़ी मेहनत करते हैं और वे संघर्ष करते ही रह जाते हैं और सफलता कोई अन्य ले लेता है। बहुत बार हर क्षेत्र, हर विभाग से जुड़ा कमर्चारी जानता है कि उसके यहां पर कहां भ्रष्टाचार पनपता है या गलत काम को बढ़ावा मिलता है, लेकिन कोई खुलकर विरोध नहीं करता, सब आँखे मूंदकर देखते रहते हैं क्योकि वें मानते है कि उससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं हैं या फिर वह क्यों समस्या से उलझें। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कई सख्त कानून हैं, सरकारी तंत्र काम कर रहे हैं, कई संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता भी भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रहे हैं, फिर भी भ्रष्टाचार तेजी से फैल रहा है। भ्रष्टाचार से पीड़ित लोगों के जीवन की जद्दोजहद अति संघर्ष का सामना करने को मजबूर हो जाती है। भ्रष्टाचार भरोसा खत्म कर लोकतंत्र को कमजोर करता है, आर्थिक विकास को बाधित करके असमानता, गरीबी, सामाजिक विभाजन और पर्यावरण संकट को अधिक बढ़ाता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा किए गए करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2022 रिपोर्ट के अनुसार, भारत 40 अंक प्राप्त कर 180 देशों में से 85वां सबसे कम भ्रष्ट देश बना है। 89% प्रतिशत लोग मानते हैं कि सरकारी भ्रष्टाचार एक बड़ी समस्या है। पिछले 12 महीनों में 39% सार्वजनिक सेवा उपयोगकर्ताओं ने रिश्वत दी। सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाले देशों में भ्रष्टाचार अक्सर मजबूत होता है। अफसोस की बात है कि भारत उनमें से एक है जिसकी प्रति व्यक्ति आय कम है। विश्व बैंक ने 2004 में कहा था कि रिश्वतखोरी के कारण दुनिया भर में हर साल 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता था। विश्व स्तर पर, वतर्मान में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने अनुमान लगाया है कि भ्रष्टाचार की लागत प्रति वर्ष लगभग 2.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर अर्थात 2,16,37,200 करोड़ रुपये है। राजनेता, सरकारी अधिकारी, लोक सेवक, व्यवसायी या जनता के सदस्य कोई भी भ्रष्टाचार में शामिल हो सकता है। व्यापार, सरकार, अदालत, मीडिया, स्वास्थ्य, शिक्षा से लेकर बुनियादी ढांचे और खेल तक सभी क्षेत्रों में कहीं भी भ्रष्टाचार हो सकता है। राजनेता सार्वजनिक धन का दुरुपयोग कर अपने परिजनों, मित्रों और परिवारों को सार्वजनिक नौकरियां या अनुबंध दे सकते हैं, मन मुताबिक काम पाने के लिए पाने के लिए निगम अधिकारियों को रिश्वत दे सकते है। भारत भ्रष्टाचार सर्वेक्षण 2019 के अनुसार, 51% उत्तरदाताओं ने रिश्वत देने की बात स्वीकार की।

भारत देश में भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कानूनी और नियामक ढांचे बनाये गए है। जैसे :- भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, लोक सेवकों द्वारा भ्रष्टाचार के संबंध में और उन लोगों के लिए भी दंड का प्रावधान करता है जो भ्रष्टाचार के कृत्य को बढ़ावा देने में शामिल हैं। 2018 के संशोधन ने लोक सेवकों द्वारा रिश्वत लेने के साथ-साथ किसी भी व्यक्ति द्वारा रिश्वत देने दोनों को अपराध घोषित कर दिया। मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम 2002, का उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग की घटनाओं को रोकना है और भारत में 'अपराध द्वारा आय' के उपयोग पर रोक लगाना है। कंपनी अधिनियम 2013, कॉर्पोरेट प्रशासन और कॉर्पोरेट क्षेत्र में भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी की रोकथाम प्रदान करता है। 'धोखाधड़ी' शब्द को व्यापक परिभाषा दी गई है और यह कंपनी अधिनियम के तहत एक अपराध है। भारतीय दंड संहिता 1860, ऐसे प्रावधानों को निर्धारित करती है जिनकी व्याख्या रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के मामलों को कवर करने के लिए की जा सकती है, जिसमें आपराधिक विश्वासघात और धोखाधड़ी से संबंधित अपराध भी शामिल हैं। बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम 1988, यह अधिनियम उस व्यक्ति को उस पर अपना दावा करने से रोकता है जिसने किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर संपत्ति अर्जित की है। भ्रष्टाचार का प्रभाव समाज के सबसे कमजोर लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। जो राष्ट्र भ्रष्टाचार से लड़ते हैं और अपने कानून के शासन में सुधार करते हैं, वे अपनी राष्ट्रीय आय में 400 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकते हैं। लोगों की जागरूकता ही भ्रष्ट व्यवस्था को बदल सकती हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और ईमानदारी, पारदर्शिता, कर्तव्यनिष्ठा को हमारे प्रत्येक के जीवन, समाज, संस्कृति का हिस्सा बनाना होगा। हमारे प्रणाली में निरंतर जांच और संतुलन बना रहना चाहिए। कमर्चारी या जन प्रतिनिधि का पद जितना ऊंचा होता है, वह जनता के प्रति उतना ही अधिक जवाबदेह होता है। भ्रष्टाचार संबंधित शिकायत के लिए भारत सरकार के केंद्रीय सतकर्ता आयोग से संपर्क करने के लिए टोल फ्रीः 1800110180, 1964 पर कॉल कर सकते है। इसके साथ ही राज्य सरकार के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग भी इस समस्या से लड़ने के लिए सवर्दा तत्पर होते है। जैसे कि महाराष्ट्र राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग से संपर्क करने के लिए +91 22-249-21212, टोल फ्री नंबर 1064, व्हाट्सएप नंबर 9930997700, ई-मेल आईडी acbwebmail@mahapolice.gov.in का उपयोग कर सकते है। हमेशा जागरूक रहें, सतर्क रहें देशहित में कार्य करें।



एक नजर

## धीरेंद्र वर्मा योग एवं अध्यात्म प्रभाग सचिव नियुक्त

**पाटन, 8 दिसंबर।** बैस कूर्मि भवन, सुन्दर नगर,रायपुर में सम्पन्न हुआ।जिसमें युवाओं को विभिन्न दायित्व दिए गए । जिसमे पाटन विकासखंड के ग्राम मर्रा निवासी धीरेंद्र वर्मा को योग एवं आध्यत्म प्रभाग सचिव पद पर नियुक्त किया गया।धीरेंद्र



विगत 15 वर्षो से योग के क्षेत्र में अनवरत कार्य कर रहे।उन्होंने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचो पर भी योग के क्षेत्र में राज्य का नाम रोशन किया है।धीरेंद्र वर्मा को कुर्मि समाज प्रदेश कार्यकारिणी में दायित्व दिए जाने पर पाटन विधायक भुपेश बघेल जी,कमलेश देशमुख महासचिव,जयंत भारती राज्य प्रभारी युवा भारत,खिलेंद्र साहू, तुलाराम वर्मा ,लालाराम वर्मा छत्तीसगढ़ योग एसोसिएशन राज्यकार्यकारिणी सदस्य ने बधाई दी है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसंबर को

**सुकमा, 8 दिसंबर ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर निर्देशानुसार इस वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 16 दिसंबर 2023, शनिवार को आयोजित किया जाएगा। चतुर्थ नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण हेतु खंडपीठ पीठासीन अधिकारियों और कर्मचारियों का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि 09 दिसंबर 2023 को आयोजित नेशनल लोक अदालत की तिथि में संशोधित करते हुए, 16 दिसम्बर 2023 को निर्धारित किया गया है।

## रेत व शराब के अवैध ठिकाने बंद नहीं हुए:मोहन

**महासमुंद।** सांसद प्रतिनिधि मोहन साहू ने खनिज, आबकारी अधिकारी के रवैये को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि शराब और खनिज के अवैध ठिकाने अबतक जारी है, जिस पर आपत्ति के बाद भी कार्रवाई अबतक देखी नहीं जा रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारी जान लें कि खनिज माफिया सरकार ल अंत हो गया है। रेत चोर, शराब दलाल की अब यहां चलने वाली नहीं है। जनता ने ऐसे लोगो को संरक्षण देने वाली सरकार को उखाड़ फेंका है। सरकार बदल गई है, गहरी नींद मस सोए अधिकारी अब जान लें। उन्होंने ने कहा कि अधिकारी कार्यालय से बाहर निकलें, क्षेत्र का दौरा करें और देखें कि कैसे शराब की अवैध बिक्री जारी है, देखें कि कैसे नदी में मशीन लगाकर रेत चोरी का खेल जारी है। माफियाओं को संरक्षण देने, हाथ पर हाथ धरे बैठै रहने का रवैया अब बदल दें, अन्यथा कर्तव्य पालन नहीं करने वाले अधिकारी बदल दिए जाएंगे। जिले की जनता अब माफियाओ की गुंडागर्दी नहीं सहेगी। उन्होंने कहा कि चिगरौद, गरियाबंद जिले के पसौद, हथखोज, बड़गांव, बरबसपुर, केड़ियाडीह, में रेत का अवैध कारोबार जारी है। ओवरलोड वाहनो से जिले की सड़क खराब हो रही है। साथ ही बस स्टैंड सहित नयापारा, गुड़रूपारा, स्टेशन रोड आदि शहरी व गांव गांव में शराब का अवैध कारोबार जारी है। यहां कार्रवाई नहीं देखी जा रही है। अधिकारी इस पर संज्ञान लें।

## शहरों के बीच से रेत के परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर सभी विभागों के लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी धान खरीदी केंद्र के प्रभारी को धान को बेमौसम बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। इसके तहत सभी केंद्रों में कवर कैंप रखने कहा गया है। उन्होंने सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सहकारिता, बैंक, खाद्य विभाग एवं नोडल अधिकारियों को फील्ड में जाकर धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करने कहा है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी उपार्जन केंद्रों में धान की स्केटिंग बारिश से बचाव के लिए उचित तरीके से ढका हुआ हो, यह सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में धान खराब न हो। साथ ही कहा कि खरीदी के साथ-साथ उठाव भी जारी रखें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, निर्भय साहू, एसडीएम उमेश साहू, सृष्टि चंद्राकर, ओंकारेश्वर सिंह सहित डिप्टी कलेक्टर एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।विधानसभा निर्वाचन सम्पन्न होने के पश्चात आयोजित समय-सीमा की पहली बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को उनके जिम्मेदारी पूर्वक किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही जिले के मीडिया कर्मियों को भी निर्वाचन प्रक्रिया में सकारात्मक कवरेज के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी समय-सीमा पत्रक, जन शिकायत, मुख्यमंत्री जन चौपाल के कोई भी प्रकरण और पत्र लंबित नहीं होना चाहिए। उसे तत्काल निराकरण कर पोर्टल में एंट्री करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व प्रकरणों, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि को प्राथमिकता से तथा समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में जहां-जहां अतिक्रमण की शिकायत आती है वहां जांच करते हुए अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्रवाई करें। बैठक में शहरों के बीच से गुजरने वाले रेत के परिवहन पर रोक लगाने तथा वैकल्पिक मार्ग से परिवहन करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश खनिज अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी को दिए है। कलेक्टर मलिक ने 16 दिसंबर को आयोजित होने वाले लोक अदालत के लिए सभी विभागों के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए लोक अदालत में प्रकरण भेजने के निर्देश दिए है।

# नवनिर्वाचित विधायक चैतराम का समर्थकों ने गीदम में लड्डू से तौल,आतिशबाजी कर किया स्वागत





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 8 दिसम्बर ।** दंतेवाड़ा विधानसभा के नव निर्वाचित भाजपा विधायक चैतराम अटामी का समर्थको व कार्यकर्ताओ ने गीदम बस स्टैंड में आतिशबाजी कर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया । भाजपा जिला महामंत्री संतोष गुप्ता व गीदम बस स्टैंड स्थित जे एम् डी स्वीट के संचालक मनीष गुप्ता एवं चुन्ना गुप्ता ने विधायक चैतराम को तराजू में लड्डू से तौलवाकर भव्य स्वागत किया । विधायक के तौर पर ऐतिहासिक जीत मिलने के बाद से चैतराम अटामी का जगह जगह भव्य स्वागत किया जा रहा है आज गीदम बस स्टैंड में भारी संख्या में ग्रामीण,समर्थक,व्यापारीगण, नगरवासी ,भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उत्साह व जोश के साथ उपस्थित दिखे । इस कार्यक्रम में नविन विश्वकर्मा,जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान,राकेश कुशवाहा,सुनीता भास्कर,पुतान सिंह कुशवाहा,मण्डल अध्यक्ष राजेश कश्यप,जनपद अध्यक्ष गीदम अंति वेक,मुन्ना मरकाम,श्याम सिंह,अनिल जार्ज,सतीश प्रेमचंदानी,जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी,मण्डल महामंत्री उरदो ठाकुर,कामो कुंजाम,ओम सोनी,ममता गुप्ता,राघवेंद्र गौतम,दिनेश कौशल,रमेश यादव,महेश ठाकुर,पार्षद श्रीकांत राव,अवधेश शिवहरे,खिलावन सागर,रजनीश सुराना,मदन सोनी,मनोज गुप्ता,राजा गुप्ता,जय भंसाली,राजेश बोरबन,विनय गुप्ता,कृष्ण चंद अवस्थी,शम्भू यादव,राजेश सुराना,संदीप निर्मलकर,संतोष,अनीश जॉर्ज एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

### स्कूली बच्चों ने मिठाई खिलाकर दी बधाई

**गीदम, 8 दिसम्बर ।** दंतेवाड़ा विधानसभा के नव निर्वाचित भाजपा विधायक चैतराम अटामी का समर्थको व कार्यकर्ताओ ने गीदम बस स्टैंड में आतिशबाजी कर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया ।इस दौरान गीदम बस स्टैंड में स्कूल के नन्हे छात्र छात्राओं ने भी विधायक चैतराम को मिठाई खिलाकर बधाई दी ।तस्वीर में मासूम नन्हे छात्र व छात्रा विधायक चैतराम को मिठाई खिलाते नजर आ रहे है ।विधायक चैतराम अटामी भी भीड़ में मौजूद बच्चो को देखकर अपने आप को रोक नहीं पाये व खुद उनसे मिलने पहुंचे और नन्हे बच्चो से मुलाकात कर विधायक चैतराम अटामी ने कहा की जैसा प्यार मुझे यहाँ जनता से मिल रहा है उसके लिये मे दंतेवाड़ा जिले के समस्त नागरिको का सदैव ऋणी रहूँगा और वायदा करता हु की जो विश्वाश लोगो ने मुझपर जताया है उसे पूरी निष्ठां के साथ लोगो की सेवा कर पूरा करूँगा ।

# दंतेवाड़ा जिले के प्रगतिशील कृषक शैलेश कुमार अटामी को मिला लखपति कृषक पुरस्कार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 8 दिसम्बर।** कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार डिस्ट्रिक्ट मिलीनियर फार्मर आफ इंडिया अवार्ड 2023 का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में 6 दिसंबर 2023 को किया गया था। जिसमें दंतेवाड़ा जिले के प्रगतिशील किसान श्री शैलेश कुमार अटामी को लखपति किसान पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। ज्ञात हो कि विगत दिनों में कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा द्वारा जिले के लखपति किसानों की जानकारी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली को भेजी गई थी। इसके अन्तर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के द्वारा दंतेवाड़ा जिले के शैलेश कुमार अटामी का चयन किया गया। शैलेश कुमार अटामी ग्राम कासोली के प्रगतिशील कृषक हैं और 25 एकड़ रकबा में एकीकृत कृषि प्रणाली के अंतर्गत धान, मूंग, सूरजमुखी, सब्जियां, अमरूद, नारियल, केले के साथ पशुपालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन और मछली पालन का काम करते हैं। उक्त प्रगतिशील कृषक के पिता श्री बोसाराम अटामी भी कई वर्षों से कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़े हुए हैं एवं उनको भी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के द्वारा पौधों की विविधता और किसान का संरक्षण पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है और वे भी कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा से समय-समय पर प्रशिक्षण एवं तकनीकी ज्ञान लेकर कृषि कार्य करते हैं और जिले के अन्य किसानों को प्रेरित करते हैं।

## मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने सीएमओ स्वंय उतरे सड़क पर

**महासमुंद।** गुरुवार कोमुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे को अतिक्रमण हटवाने के लिए अमले के साथ स्वंय सड़क पर उतरना पड़ा। सीएमओ ने बीटीआई रोड पर अतिक्रमण देख पालिका अमले को फटकार लगाई। श्री रात्रे ने अमले से कहा कि बीते सप्ताह ही मुख्य मार्ग, बरोड़ा चौक से गुरुगोविंद सिंह उद्यान तक अतिक्रमण हटाने को कहा था। पर मार्गों पर ऐसा कुछ खास दिखाई नहीं दे रहा है। सीएमओ अमले के साथ जेसीबी लेकर बीटीआई रोड से अतिक्रमण हटाने निकला। जेसीबी से अतिक्रमण हटाते देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सड़क किनारे विज्ञापन बोर्ड, बांस बल्ला लगाकर व्यवसाय करने वालों करीब 20 से अधिक अतिक्रमण को हटाया गया।

# 13 मिनी आंगनवाड़ी केंद्र आंगनबाड़ी में परिवर्तित

### मुख्य कार्यकर्ता को 7 हजार 500 की जगह 10 हजार प्राप्त होगा

**गरियाबंद, 8 दिसंबर।** जिले को 13 मिनी आंगनबाडी केन्द्रों को मुख्य आंगनवाड़ी केन्द्र में परिवर्तित कर दिये गये है। जहां की जनसंख्या मैदानी स्तर पर 300 स अधिक व पहाड़ी क्षेत्रों में 100 से अधिक जनसंख्या होने पर क्षेत्र की आवश्यकता के आधार पर मिनी आगनबाड़ी केन्द्र संचालित खोला जाता है जिले में वर्तमान में 1384 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों को मुख्य आंगनबाड़ी में परिवर्तित करने हेतु क्षेत्र के जनसंख्या 500 से अधिक होने पर उस मिनी आंगनबाडी को पूर्णतः मुख्य आंगनबाड़ी में परिवर्तित कर दिया जाता है। जिले से मिनी आंगनबाड़ी को मुख्य आंगनबाड़ी केन्द्र में परिवर्तित करने हेतु आंगनबाड़ी कि सूची संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रेषित की गयी थी जिसमे अभी 13 मिनी आंगनबाडी को मुख्य आंगनबाड़ी केन्द्र में परिवर्तित करने की स्वीकृति संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त हुई है।

मुख्य आगनबाड़ी म परिवर्तित हान स अब 13 कन्द्रा में कार्यरत मिनी कार्यकर्ता का मुख्य कार्यकर्ता में परिवर्तित करते हुय जो कि उनका मानदेय पहले 7500/- उस बढ़ाकर 10000/- किया जावेगा इसी अनुकम म उक्त कन्द्रों में सहायिका के पदों पर भर्ती की कार्यवाही पूर्ण की जावगी जिनमें परियोजना कार्यालय फिंगेश्वर द्वारा विज्ञापन जारी किया है व परियोजना कार्यालय गरियाबंद व मैनपुर को तत्काल विज्ञापन प्रसारित करते हुये भर्ती की कार्यवाही पूर्ण किये जाने क निर्देश दिये गये है।13 मिनी केन्द्रों में गरियाबंद विकासखण्ड से- पीपरछड़ी (दांतबायकला), फिंगेश्वर विकासखण्ड से- तरीघाट, पितईबंद, कौदकेरा, भसेरा, रजकट्टी, मैनपुर विकासखण्ड से- चलनापदर, उसरीजोर, उसरीजोर (गोहरापदर), गरहीडीही (शोभा), शोभा, भूतबड़ा, जागडा इन सभी 13 मिनी आंगनबाडी केन्द्रों को नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों में परिवर्तित करने की स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

# भूपेश सरकार का कार्यकाल विकास के लिए याद रहेगा: राशि महिलांग



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष व कांग्रेस नेत्री श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने छग में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किए गए कार्यो के लिए उनकी और सरकार की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि छग में 2018 से 2023 तक छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री के रूप में यादगार कार्यकाल रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और धरोहर को सहेजने का जो कार्य किया है वह राजनीतिक इतिहास के पन्नो में हमेशा-हमेशा के लिए दर्ज हो गया है। सरकार बनने के बाद ही किसानों के लिए की गई कर्ज माफी की घोषणा को पूरा करना। कर्मचारियों की वर्षो पुरानी पेंशन योजना की मांग को पूरा किया। प्रदेश के बच्चों को निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी अंग्रेजी और मीडियम की स्कूली शिक्षा देने के लिए स्वामी आत्मनन्द स्कूलों की शुरुआत की। स्वास्थ्य जैसी सुविधा को प्रदेश की जनता को मोबाइल मेडिकल यूनिट और हॉट बाजार योजना के माध्यम से अस्पताल की जगह घरों और बाजार तक पहुंचाने का कार्य किया है जो किसी वरदान से कम नहीं है और इसका लाभ भी प्रदेश की जनता को मिला है।

# घर से भाग थे, 6 माह बाद खेत में मिली प्रेमी-प्रेमिका की लाश

## राजिम थाना में 17 मई 2023 को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज



**राजिम, 8 दिसंबर।** राजिम कहते है प्यार अंधा होता है ऐसा ही प्यार का खुमार एक तीन बच्चे की मां को चढ़ा जो लगभग 22 वर्षीय एक युवक से प्यार कर बैठी और दोनो घर परिवार को छोड़ भग गए । पर अंजाम ऐसा होगा किसी ने नहीं सोचा था।मामला राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम तरीघाट से 6 माह पूर्व लापता प्रेमी जोड़े का है जिसके अभनपुर के खेत खलिहान क्षेत्र में संदिग्ध स्थिति में लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दोनों प्रेमी जोड़े की लाश की स्थिति देख 5-6 दिन पूर्व की घटना होने की आशंका व्यक्त किया जा रहा हैं। क्योंकि लाश काफी सड़ गल गई और लड़की का सिर कंकाल में तब्दील हो गया है वही, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई हैं जानकारी के अनुसार बुधवार को अभनपुर के धनश्री विहार के पास एक खेत में युवक युवती की लाश मिलने से हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची है जिसका शिनाख्त ग्राम तरीघाट से 6 माह पूर्व लापता कुंती यादव पति होरीलाल यादव उम्र लगभग 36 वर्ष व मृतक सागर वर्मा पिता स्व. हेमलाल के रूप में किया गया। प्रारंभिक तौर पर घटना स्थल से मिले डिस्पोजल से दोनों के जहर खाकर आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। वही, आशंका जताया जा रहा है कि दोनों प्रेमी जोड़ा की जब आर्थिक स्थिति खराब हुई होगी, तो दोनों प्रेमी जहर सेवन कर आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया होगा। इस घटना की खबर ग्राम तरीघाट में पहुंचते ही ग्राम सहित आसपास क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्राम तरीघाट से जानकारी मिली कि मृतका कुंती यादव शादी शुदा थी, जिसकी 3 बच्चे भी हैं। वही, मृतक सागर वर्मा का शादी नही हुआ था। और मृतका से उम्र में भी काफी छोटा था। लेकिन इन दोनों के बीच काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बीच दोनों प्रेमी जोड़ा 6 माह पूर्व गांव छोड़कर कहीं लापता हो गए जिसकी दोनों परिवारों के परिजनों राजिम थाना में 17 मई 2023 को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी अभनपुर पुलिस से सूचना मिलने के बाद दोनों परिवारों के लोग लाश को लाने अभनपुर रवाना हो गए।

समाचार संक्षेप

## पेंशनर्स कल्याण संघ बुजुर्ग पेंशनरों के हित लगातार कार्य कर रहा है: डीएस राम



**बीजापुर, 8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 5 दिसंबर को पेंशनर्स भवन बीजापुर में जिलाध्यक्ष डीएस राम की अध्यक्षता में पेंशनरों की मासिक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक में पेंशनरों के हित में संघ को मजबूत बनाते हुए कार्य करने पर विचार विमर्श किया गया। प्रत्येक माह के 5 तारीख को सभी पेंशनर्स साथियों को मासिक बैठक में उपस्थित होना है। किसी भी पेंशनर्स साथियों का कोई भी लंबित प्रकरण लंबित है उसके लिए संघ काम करेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा विशेष परिस्थिति को छोड़ कर संघ के पदाधिकारियों को मासिक बैठक में उपस्थित होना आवश्यक है, ताकि संघ के कार्य में तेजी ला सके। 17 दिसंबर को प्रांतीय महासम्मेलन पेंशनर्स डे सम्मान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने भानुप्रतापपुर जाने हेतु निर्णय लिया गया। बीजापुर जिले के बीजापुर, उसूर , भोपालपटनम, भैरमगढ , कुटरू के पदाधिकारियो और पेंशनर्स साथियों को पेंशनर्स डे पर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष डीएस राम ने सभी पेंशनर्स को बताया कि जीवन प्रमाण पत्र के लिए संघ के माध्यम से भरकर स्टेट बैंक में जमा किया गया ताकि कोई भी बुजुर्ग पेंशनरों को तकलीफ न हो। बहुत से बुजुर्ग पेंशनरों को जो बीमार है, चलने में तकलीफ़ होती ऐसे पेंशनर्स का जीवन प्रमाण पत्र भरवाया गया और बैंक में समयावधि जमा किया गया। संघ के प्रयास से बहुत पेंशनर्स को राहत मिले ऐसे काम सभी पदाधिकारियों के सहयोग से किया जा रहा है। जिला पेंशनर्स कल्याण संघ बीजापुर के जिलाध्यक्ष डीएस राम के मार्गदर्शन में तथा संरक्षण जीएस नाग,एम्एस परते, नित्यानंद सिंह, कोषाध्यक्ष बी मलैया, एम्आर पसपुल, ब्लाक अध्यक्ष एस्एल पटेल, सचिव शिवकांत झा, महिला जिलाध्यक्ष चंद्रावती सापडी, नागम्मा जुमड़े तथा बसंती ठाकुर उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुआ। पेंशनर्स कल्याण संघ बीजापुर द्वारा प्रत्येक माह की 5 तारीख को पेंशनर्स भवन में बैठक कर शासन द्वारा जारी नये दिशानिर्देश को बताया जाता है।

**नये पेंशनर्स का संघ द्वारा स्वागत, सम्मान**–जिला पेंशनर्स कल्याण संघ बीजापुर के जिलाध्यक्ष डीएस राम ने बताया कि जो भी नये सेवानिवृत कर्मचारी है वे संगठन से जुड़ते जा रहे है। संघ के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत कर संघ की सदस्यता दिलाई जाती है।

## आदिवासी अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ बयानबाजी कर मनोबल तोड़ने पर रोक लगे



**बीजापुर 8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आदिवासी अधिकारी कर्मचारियों के मनोबल तोड़ने के प्रयासों की निंदा करते हुए सर्व आदिवासी समाज ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।समाज द्वारा राज्यपाल के नाम कलेक्ट्रेड में डिप्टी कलेक्टर दिलीप उईके को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में कहा है कि सर्व आदिवासी समाज के संज्ञान में लाया गया है कि बीजापुर जैसे अतिसंवेदनशील जिले में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों पर अनर्गल और बेबुनियाद आरोप लगा कर भैरमगढ़ निवासी अजय सिंह जिसे हाल में ही चुनाव के दौरान जिलाबदर की कार्रवाई प्रशासन ने किया है के द्वारा मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है जिसकी समाज तीव्र निंदा करता है। आदतन अपराधी अजय सिंह जिला बदर होने के बाद से बीजापुर में सोशल मीडिया समूहों में आदिवासी अधिकारियों और कर्मचारियों पर लगातार अनर्गल बातें लिख रहे हैं। जिससे अधिकारी कर्मचारियों के मनोबल पर विपरित असर हो रहा है। भैरमगढ़ नगरीय क्षेत्र में आदिवासी युवतियों को घरेलू काम में रख कर उन्हे बहला फुसला कर उनका दैहिक शोषण किया जा रहा है। उन्हे शादी का झांसा देकर रखैल बना कर उनके नाम से जमीनों की खरीदी बिक्री की जा रही है। भैरमगढ़ ग्रामीण इलाके में सामाजिक प्रतिनिधियों के घरेलू और सामाजिक कार्यक्रमों को नक्सलियों के साथ जोड़ अजय सिंह द्वारा प्रचारित कर बदनाम किया जाता है। राज्यपाल इस पर तत्काल रोक लगायें, अन्यथा सर्व आदिवासी समाज इन मुद्दों को लेकर सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य होगा। जिसकी जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी। समाज प्रमुखों ने कहा कि अजय सिंह को प्राप्त राजनैतिक संरक्षण पर राजनैतिक दलों की स्थिति स्पष्ट करनी होगी। क्या किसी राजनैतिक दल से उन्हे आदिवासियों पर लगातार जुबानी हमले के लिए सह दिया जा रहा है।ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष कमलेश पैंकरा, गुज्जा राम पवार, मंगल राना, जग्गूराम तेलमी, सीताराम मांझी, सीएस नेताम, बीएस भास्कर, रामलाल कर्मा, नरेश गावड़े, सुहागा तारम, दीपा खेस, इंद्रादेवी कुंजाम, टिकेश्वरी वट्टी, सतरूपा भास्कर, सुमित्रा केमरो सहित बड़ी संख्या में उसूर, भैरमगढ़, भोपालपट्टनम और बीजापुर के सामाजिक सदस्य शामिल हुए थे।

## संयुक्त संचालक शिक्षा से की त्रुटिपूर्ण पदक्रम सूची सुधारने की माँग

**बीजापुर 8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छग् शालेय शिक्षक संघ बस्तर संभाग के प्रवक्ता एवं बीजापुर के जिला सचिव कैलाश चन्द्र रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि दिनाँक 07.11.23 को बस्तर संभाग छग शालेय शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल नव पदस्थ संयुक्त संचालक शिक्षा श्रीमान संजीव श्रीवास्तव से भेंट कर सर्वप्रथम पुष्प गुच्छ से स्वागत सत्कार किया गया तत्पश्चात ज्ञापन सौंपा गया।संगठन द्वारा माँग की गई है कि संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा दिनाँक 01.12.23 को जो पदक्रम सूची शिक्षक एल बी टी एवं ई संवर्ग की जारी की गई है उसमे गंभीर त्रुटियाँ हैं जिसमे 1998,2005 मे नियुक्त शिक्षकों से ऊपर 2006,2010,2013,2015,2018 मे नियुक्त शिक्षकों को वरीष्ठता दी गई है।प्रदेश के समस्त संविदा शिक्षकों को दिनाँक 01.05.2005 से शिक्षा कर्मी बनाया गया है।माँग की गई है कि इनकी वरिष्ठता 01.05.05 से ही मानी जावे।इस संबंध मे सयुक्त संचालक महोदय से निवेदन किया गया है कि लोक शिक्षण संचालनालय अटल नगर रायपुर द्वारा जारी वरिष्ठता सूची दिनाँक 26.09.2023 का अवलोकन किया जा सकता है जिसमे प्रथम नियुक्ति तिथि एवं शिक्षक एल बी के पद पर पदोन्नति दिनाँक से वरीष्ठता दी गई है।ज्ञापन का अध्ययन करने के बाद संयुक्त संचालक श्रीमान संजीव श्रीवास्तव द्वारा तत्काल नये सिरे से सूची बनाने का निर्देश संबंधित शाखा के लिपिकों को दिया वा प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही सुधार कर नयी सूची बनायी जायेगी।संभाग के सहायक शिक्षक से शिक्षक पद पर पदोन्नति हेतु भी चर्चा की गई इस पर बताया गया कि मंत्रालय स्तर से आदेश आने पर ही पदोन्नति की कार्यवाही की जायेगी।



## एक नजर

### पुलिस ने नशीला सिरप किया जब्त



**रायगढ़, 8 दिसम्बर।** एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर रायगढ़ पुलिस की नशे के खिलाफ कार्यवाही जारी है। पूर्व में घरघोड़ाए तमनार और लैलूंगा क्षेत्र अवैध रूप से नशीली दवाओं प्रतिबंधित कैप्सूल और सिरप के अवैध बिक्री की सूचनाओं पर एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर अभियान चलाकर इस अवैध कारोबार से जुड़े आरोपियों पर कार्रवाई कर अंकुश लगाया गया तथा क्षेत्र के समस्त थाना प्रभारीगण मुखबिर व स्टाफ लगाकर निगाह रखा जा रहा है। इसी क्रम में कल थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा को उनके लगाए मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि सतनामी मोहल्ला घरघोड़ा में रहने वाला दीपक वारे अपने घर पर अवैध बिक्री के लिए भारी मात्रा में नशीली सिरप छिपाकर रखा हुआ है। थाना प्रभारी द्वारा सुनियोजित तरीके से रात्रि करीब 9 बजे संदेही के घर अपने स्टाफ के साथ रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस टीम की छापेमारी में संदेही दीपक वारे के आंगन शौचालय के बगल में 6 कार्टूनों में भारी मात्रा में कफसिरप रखा हुआ मिला। विवेचक द्वारा दीपक वारे को सिरप का दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया जिसके पास प्रतिबंधित सिरप की बिक्री व रखने के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं था। पुलिस टीम द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक वारे पिता सोहन लाल वारे उम्र 24 वर्ष साण् सतनामी मोहल्ला घरघोड़ा, थाना घरघोड़ा, जिला रायगढ़ के कब्जे से कुल 1140 नग नशीली कफ सिरप कीमत करीब 200000 का जप्त किया गया है। आरोपी पर थाना घरघोड़ा में धारा 21 एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी दीपक वारे पर पूर्व में भी आबकारी व एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई घरघोड़ा पुलिस द्वारा की गई है। आरोपी की गतिविधियों को देखते हुए थाना प्रभारी घरघोडा निरीक्षक शरद चन्द्रा द्वारा अपने स्टाफ व मुखबीर आरोपी पर निगाह रखने लगाये हुए थे।

### चुनाव परिणाम के बाद शहर कमेटी के खिलाफ फूटा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा




**रायगढ़, 8 दिसम्बर।** हाल ही में प्रदेश में विधान सभा चुनाव 2023 का परिणाम सामने आने के बाद कांग्रेस पार्टी की सत्ता से विदाई होने के साथ-साथ कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं का गुस्सा अपनी ही पार्टी के जिला कमेटी पर फुट पड़ा है। रायगढ़ के कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने तो छग प्रभारी कुमारी शैलजा के नाम लिखित पत्र देकर जिला कांग्रेस कमेटी शहर को भंग करने की मांग तक कर डाली है। इस पत्र में उन्होंने यह भी सपष्ट किया है कि यद्यपि छग के रायगढ़ जिला में 4 में से 3 सीट में कांग्रेस की जीत हुई है। परंतु रायगढ़ विधान सभा में हुई बहुत बड़ी और शर्मनाक हार को लेकर कई बिंदुवार कारण बताते हुए उनसे जिला कांग्रेस कमेटी शहर को भंग करके नई कमेटी बनाने की मांग की गई हैं। उल्लेखनीय रहे कि इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के महापौर और सभापति के वार्ड तक में कांग्रेस पीछे रही।

### झण्डा दिवस पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने कलेक्टर एवं एसएसपी को लगाया फ्लैग



**रायगढ़, 8 दिसम्बर।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कलेक्टर श्री कार्तिकिया गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल आशीष पाण्डेय के नेतृत्व में कल्याण संयोजक श्री बालकृष्ण राम एवं अधीक्षक श्री ए.के.वर्मा ने फ्लैग लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्री रमेश मोर, एनसीसी के कमाण्डिग ऑफिसर कर्नल संतोष कुमार, शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता श्री सुभाष त्रिपाठी सहित जिले के भूतपूर्व सैनिक एवं दिवंगत सैनिकों के आश्रित उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि भारतीय सेना की बहादुरी, त्याग व समर्पण के सम्मान में एवं वीर शहीदों की स्मृति में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाता हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्र सेवा में समर्पित सैनिकों के कार्य सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। राष्ट्र की रक्षा के लिए दिए गए उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सैनिकों के साहस और वीरता से हमें देश प्रेम की सीख मिलती है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस का यह दिन हमें सैनिकों और उनकी भावनाओं से जुड़कर राष्ट्र प्रेम के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि देश की सेवा करने वालों के सहयोग के लिए हम सभी को हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

# सरकार बदली पर अधिकारियों की कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया

- बुलडोजर केवल राजधानी तक सीमित गरियाबंद जिले में तो चैनमाउटेन हावी
- नवनिर्वाचित विधायक से अवैध रेत उत्खनन को बंद कराने की ग्रामीणों को आश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम- फिंगेश्वर 8 दिसंबर।** इन दिनों एक बार फिर रेत खदानों में धड़ल्ले से नियम कानून को ताक में रखकर दिन रात 24 घंटे धड़ल्ले से चैन मांउटिंग मशीन से नदी के बीच जाकर रेत का उत्खनन शुरू कर हाईवा गाड़िया भरी जा रही है। लगता है कि रेत माफिया काम चलाऊ सरकार की आड़ में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से काफी तेजी से मनमाने स्तर पर रेत खनन कर रहे है। बिड़ोरा-खुड़सा रेत घाट सहित रावण,चौबे बांधा , पिताईबंद,परसदा जोशी,के बीच से तो बिरोड़ा खदान में नदी के बीच सीमेंट पाईप और बेसरम के झाड़ की लकड़ियों के ऊपर मनमाने ढंग से मुरूम डालकर बनाई गई सड़क से नदी के बीचों बीच हाईवा खड़ीकर चैन मांऊटिंग से खनन कर लोडिंग कर रेत का धड़ल्ले से परिवहन करते देखा गया। मनमाने तरीके से जहां जगह मिल रही है वहां चैन माऊटिंग खड़ी कर रेत का खनन शुरू कर दिया जाता है। दिनभर में हर समय आती-जाती हाईवा भरी जा रही है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि दिन-रात 24 घंटे में मनमाने संख्या में हाईवा लोड हो रही है। गांव वालो ने बताया कि मजदुरों द्वारा गाड़िया भरने के नियम के विरूद्ध मात्र चैन माऊटिंग से ही हाईवा लोड की जा रही है। रेत खनन का कोई लाभ गांव के मजदूरों को नहीं मिल रहा है। दिन में कम और रात में अधिक गाड़िया लोड की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मतदान के दिन से अवैध खनन एवं अवैध परिवहन की एकाएक बाढ़ आ गई है। अधिकारियों की शह और षडयंत्र के चलते रेत माफिया धड़ल्ले से रेत खनन के साथ साथ दिन रात परिवहन कर सैकड़ों ट्रीप रेत बेच रहे है। रेत भरी हाईवा को तालपत्री से नहीं ढंकने पर रास्ते में राहगीरां को रेत के कण उड़ने से वे दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे है। यहां धड़ल्ले से परिवहन की जा रही वाहनों में पीटपास भी नहीं रहता है। यह अवैध धंधा विकासखंड के अन्य रेत खदानों में भी चल रहा हो तो कोई आश्चर्य नहीं है। रेत में इस प्रकार की लाखों रूपयों की चोरी समय देख देख कर पूरी योजना बनाकर हो रही है। हड़बड़ी के चलते हाईवा गाड़ियों में मनमाने ढंग से रेत भरने से उसके वजन से अंचल की सड़के तेजी से टूट रही है। दिन रात हाईवा चलने से रोड में कभी भी दुर्घटना की आशंका भी बलवती है एवं तेज रफ्तार हाईवा से प्रतिदिन पशुओं की मृत्यु भी हो रही है। अंचलवासियों ने नवनिर्वाचित भाजपा विधायक रोहित साहू से अंचल में इस तरह धड़ल्ले से चल रहे अवैध रेत उत्खनन परिवहन पर रोक लगाने, अधिकारियों को निर्देश दिए जाने की मांग की है। ताकि इससे सरकार को होने वाले लाखों रूपयों के राजस्व नुकसान, तेजी से टूट रही सड़कों के साथ साथ निर्बाध गति से हो रहे आवागमन से संभावित दुर्घटना की संभावना को टाला जा सके।

इस संबंध में प्रभारी खनिज अधिकारी फागूलाल नागेश से जानकारी लेने पर उन्होंने कहा कि चैन माऊंटिग से रेत खनन नहीं किया जाना है केवल मजदूरों से ही रेत की लोडिंग कराई जानी है। मैं अभी मैनपुर में हूं खनिज निरीक्षक को भेजकर स्थिति का जायजा लेने के लिए भेजता हूं।



## दलहन-तिलहन व चना की फसलों का हुआ भारी नुकसान,किसानों ने की मुवावजा की मांग

# चक्रवाती तूफान मिचौंग ने बढ़ाई किसानों की चिंता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम/पांडुका।** बीते 3 दिनों से हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।अंचल के किसान ऐसे भी कृषि विभाग की कार्यप्रणाली से नाखुश हैं। जिसमें ग्राम सेवक और कृषि मित्र द्वारा किसानों को बीज वितरण सहित किसी प्रकार की कृषि विभाग की योजनाओं का जानकारी नही मिलता छुरा स्थित वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी का कार्यालय केवल शो फिश बना हुआ है। पर कृषि विभाग की माने तो 1 पर्ची में 30 किलो वितरण किया गया है रजनकटा, खट्टी में 50 हेक्टेयर में निशुल्क बीज वितरण किया गया है और जो जरूरत मंद को 30 किलो 1100 सौ रुपए प्रति बोरी के हिसाब से दिया गया है पर यहां के कुछ किसानों ने चना, दलहन, तिलहन की फसल अपनी अपनी व्यवस्था से बीज खरीदकर लगाई तो बेमौसम बारिश ने कह ढा दिया मिचौंग तूफान की कहर से लगातार दो तीन दिन से हो रही बारिश की वजह से खेतो मे पानी भर गया है किसान चिंतित है ऐसे में पांडुका क्षेत्र के किसान, अब मुआवजे की मांग कर रहे हैं क्योंकि बारिश की वजह से उनके दलहन की फसले सड़ जाएगी और चना मे जो फूल, फल लग चूका था ओ बारिश मे झड़ कर गिर गया है ऐसे मे किसान सर पकड़ कर बैठ गया है कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण में ऐसे भी किसानो को नाखुश करते आ रहें हैं। हर साल की तरह इस साल भी बीज वितरण में भाई भतीजा वाद और अपने लोगों को बीज वितरण किया गया है जबकि जरूरतमंद किसानों को हर साल बीज नहीं मिलता और कुछ कृषि मित्रों एवं ग्राम सेवकों के द्वारा अपने चिन्हांकित लोगों को ही लाभ पहुंचाया जाता है जैसे तैसे किसान स्वय की लागत से अब बीज बोकर जब फसल लगा ही लिये तो मौसम की मार ने किसानों को मायूस कर दिया। रजनकटा पांडुका अंचल के किसान भाइयों ने बताया जिसमे दानी राम साहू, दौलत राम, खरक राम साहू, चेतन साहू, पुरुषोत्तम साहू, ॠषि साहू, भगत राम साहू, प्रभात साहू, लखन, सेवक, रूपू, छगन, योगेश, विजय, हेमलाल, डोमन आदि 100 एकड़ से ज्यादा मे चना का फसल लगाय है जिसमे फूल चालू हो गया था तथा कही कही फल भी गया था।बारिश का पानी खेत मे रुक जाने से फसल बीज सड जायेगा फुल भी झड़ गया, फल लग रहा था। उसमे दाना नही आयेगा किसानो ने बताए की कृषि विस्तार अधिकारी सरोज केंवट आये थे बीमा कराने बोले है। साथ ही बीमा वालो को भेजूंगी बोली है। इस बार इस फसल में हमें लागत प्रति एकड़ 50 किलो बीज 200 रूपय किलो के हिसाब से,4 बार जोताई दवाई,खाद पानी सहित 25 हजार से 30 हजार प्रति एकड़ लागत लगा है। अगर हमे मुआवजा नहीं मिला तो हम बरबाद हो जायेंगे इस लिए हम शासन प्रशासन से मुवावाजा की मांग कर रहे हैं।वही इस बारे में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी छुरा एन भोई द्धने बताए की किसानो को दो योजनाओं के तहत बीज वितरण किया गया है।साथ ही 31 दिसंबर तक बीमा कराना है ।मैं पता लगाया हु खेतो में पानी उतना नहीं भरा है। फसल बचने की चांस है।नियमानुसार बीमा दिया जाएगा।

# फसल नुकसान का जायजा लेने किसानों संग खेतों में पहुँचे विधायक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 8 दिसंबर।** बेमौसम बारिश ने किसानों के साल भर की मेहनत पर पानी फेर दिया दो दिनों से मौसम खराब होने की वजह से खेत मे कटा हुआ फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया।क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी ने किसानों के खेतों में पहुंचकर नुक़सान हुए फसल का जायजा लिया विधायक ने खराब फसल को देखकर अधिकारियों से फोन पर बात कर किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की बात कही है। रुक रुककर हो रही बारिश खेती किसानी के लिए अब भी परेशानी का सबब बना हुआ है। बेमौसम बारिश से खेतों को भारी नुकसान पहुंचा है इससे जिले के काश्तकार काफी परेशान हैं। मौसम की मार ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। गोल्लगुड़ा के किसान अप्पाराव लम्बाड़ी, नागुराव गुरला, अनिल कुमार आदे, सत्यम गुरला, लम्बाड़ी राजीराव, लम्बाड़ी शंकर, अम्बाला बतकाय्या, सुशील गुरला, लम्बाड़ी आजाद, गुरला शंकर, गौतुल शंकर, आदे शंकर, दिनेश सोनला, ललिता गुरला, बापूराव सोनला, लाबाड़ी शंकर व अन्य किसानों के कई कई एकड़ धान का बड़ा नुकसान हुआ है किसानों ने कहा है कि पहले काश्तकारों को बेमौसमी वर्षा और अब अधिक वर्षा की मार झेलनी पड़ रही है। अधिक बारिश से पूरा धान की फसल खराब हो चुकी है जिससे काश्तकारों को बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। विधायक विक्रम शाह मंडावी ने किसानों की समस्या को सुना और माँग की है कि किसानों के धान को शासन धान मंडी में ख़रीदे और फसल नुक़सान का उचित मुआवजा किसानों को दे।

## नवनिर्वाचित विधायक विक्रम मंडावी का मद्देद और भोपालपटनम में स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 8 दिसंबर।** विधानसभा 89 बीजापुर से नवनिर्वाचित विधायक विक्रम मण्डावी जीत के बाद बुधवार को भोपालपटनम और मद्देद नगर में प्रथम आगमन पर नगर के अलग अलग स्थानों पर भोपालपटनम और मद्देद के कांग्रेस कार्यकर्ताओ व ग्रामीणों ने जोशीला स्वागत किया। ब्लाक मुख्यालय भोपालपटनम में नवनिर्वाचित विधायक विक्रम मण्डावी को जीत की बधाई देने के साथ ही कार्यकर्ताओ में सेल्फी लेने का भी सिलसिला चलता रहा।नवनिर्वाचित विधायक विक्रम मण्डावी ने इस जीत पर कहा कि बीजापुर जिले की जनता और खासकर भोपालपटनम ब्लाक की जनता ने मुझ पर फिर एक बार भरोसा करते हुए अपना आशीर्वाद दिया है,इसके लिये में सभी का आभारी रहूँगा, और लगातार पहले की तरह और दुगने जोश के साथ हम सब मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे।जीत के बाद प्रथम नगर आगमन पर अपने प्रिय नेता विक्रम मंडावी के स्वागत में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में रैली निकालकर फूलमाला,गाजेबाजे और आतजशबाजी के साथ स्वागत किया। प्रथम भोपालपटनम नगर आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत सदस्य बसन्त राव ताटी, सांसद प्रतिनिधि वेणुगोपाल राव, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष कामेश्वर गौतम, जिला पंचायत सदस्या श्रीमती सरिता चापा, जनपद उपाध्यक्ष मिच्चा मुतैया, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, चापा सुरेंद्र,सुनील उद्दे, सुरेश सोढ़ी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष कामेश मोरला, मनोज काशोजी, नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकी कोरम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष संतोष बोरे, ब्लाक अध्यक्ष रमेश पामभोई, ब्लाक अध्यक्ष तलाण्डी स्तारी, सालिक नागवंशी, अशोक गोमाश,के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता कार्यकर्ता, ग्रामीण रहे मौजूद।

# इंदिरा चौक से सटी तीनों सड़कों में सौ से ज्यादा जानलेवा गड्ढे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 8 दिसंबर।** शहर के हृदयस्थल मे बनाया गया इंदिरा चौक से तीन दिशाओ मे राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा स्टेट हाईवे की सडक अंबिकापुर,जशपुर एवं रायगढ जिले की सीमाओ को जोडने का काम करती है,इन तीनो मार्ग मे प्रतिदिन लगभग छोटी बडी मिलाकर 2200 गाडियों का आवागमन देखा गया है,परंतु इसे जशपुर जिले का दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है कि यहा के लोगो को कभी भी चकाचक सडको का लाभ नही मिल सका। शहर के मध्य बना इंदिरा चौक अनेक सार्वजनिक कार्यो के उपयोग मे लाया जाता है,यही से तीन जिला की सडके शुरू होती है,परंतु इंदिरा चौक से सौ मीटर का दायरा मे आने वाली तीनो मार्ग की सडक मे सौ से अधिक जानलेवा गडढो का बनना किसी दुर्भाग्य से कम नही है। हर रोज जिला के अलावा प्रदेश के नेताओ का आगमन एवं अफ्सरो की आवाजाही इसी चौक से होती है,परंतु शायद यहा से गुजरते वक्त जनप्रतिनिधि हो या अफ्सर वे आंखो मे पटटी बांधकर शहरवासियों की तकलीफ को दरकिनार कर दिये है। लिहाजा अब इंदिरा चौक के सौ मीटर दायरे मे तीनो मार्ग की सडक मे भयंकर जानलेवा गडढे निर्मित हो गये है। सुखे दिन मे यहा से उडने वाली धूल महिला,छोट बच्चे एवं उम्र दराज बुजुर्गो को अपनी चपेट मे लेकर गंभीर बिमारी की चपेट मे ला रहे है तो वही जरा सी बारिश होते ही इन सडको के गडढो मे पानी भरकर बाईक सवार लोगो को चोटिल कर रहे है। यहा गडढो की वजह से हर दिन दुर्घटना होना आम बात हो चुकी है,अक्सर देखा जाता है कि किसी भी शहर मे घुसने से पहले वहा की साफ-सुथरी सडके एवं पर्यावरण ही पहचान बनती है,परंतु पत्थलगांव मे घुसते ही धूल भरी सडके,जानलेवा गडढे एवं घातक धूल के कारण बिगडा पर्यावरण यहा की पहचान बन चुका है।।

**नेताओ के आने पर होती थूक पॉलीस-** :नेशनल हाईवे के साथ-साथ शहर से लगी स्टेट हाईवे की सडक का भी बेहद बुरा हाल है,इंदिरा चौक से नंदनझरिया की सरहद तक पहुंचने मे लोगो को अपनी जान जोखिम मे डालनी पड रही है,इस मार्ग मे साल के अंदर अनेक बार पेंच रिपेरिंग का काम किया जाता है,मरम्मत का कार्य केन्द्र या राज्य के बडे नेताओ के आने के समय होता है,जो एक सप्ताह भी नही टिक पाता। पिछले दिनो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नडडा के आने से ठेकेदार द्वारा कुछ दूरी मे पेंच रिपेरिंग का काम किया गया था,परंतु यह कार्य एक हफ्ते भी नही टिक पाया,लिहाजा आज इस मार्ग मे पहले से भी ज्यादा जानलेवा गडढे बन गये है।।

## समाचार संक्षेप

### रोजगार दिवस पर मांग पत्र भरवाने पंचायतों में पहुंचे अधिकारी



**बीजापुर 8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जाबकार्डधारी परिवारों को प्रत्येक कार्य दिवस के बदले 221 रुपए की मजदूरी प्रदान की जाती है। जिले की ग्राम पंचायतो में आधार आधारित भुगतान प्रणाली लागू है। जिससे मनरेगा के मजदूरी की राशि भारत सरकार से सीधे मजदूरों के लिंक खाते में प्राप्त होगी। मजदूरों को मजदूरी भुगतान के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा, मजदूर देश के किसी भी कोने में जाकर ग्राहक सेवा केंद्र , बैंक में जाकर तत्काल अपने मजदूरी की राशि निकाल सकेंगे।उक्त जानकारी ग्राम पंचायतों में श्रमिकों को देते हुए एनआरएलएम कैडर की महिला मैट सहित ग्राम रोजगार सहायकों ने मजदूरों से मांगपत्र एकत्रित किए। मजदूरी भुगतान और बेकिंग समस्याओं में आने वाली कठिनाइयों को दूर करते हुए जन मनरेगा एप्लिकेशन के माध्यम से श्रमिकों को जानकारी दी गई ।रोजगार दिवस के अवसर पर मांग पत्र संकलन व योजना से संबंधित जागरूकता हेतु जिले स्तर के सहायक परिजोजना अधिकारी मनीष सोनवानी सहित अन्य मनरेगा से अधिकारी जिनेश कुमार, ललित मानिकपुरी , प्रशांत यादव भी विभिन्न ग्राम पंचायतों में दौरे पर रहे। मनीष सोनवानी ने बताया कि जिले में 50 हजार से अधिक श्रमिक आधार आधारित भुगतान हेतु पात्र है , जिन मजदूरों का आधार लिंक नहीं हुआ है उनके लिए जमीनी स्तर पर जागरूकता हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। भारत सरकार द्वारा मजदूरी भुगतान एबीपीएस आधारित किया गया है।

### अधिकारियों ने युवाओं को निःशुल्क कोचिंग और परीक्षा मे शामिल होने के लिए किया प्रेरित



**बीजापुर 8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय धुरवाराम मडियाम महाविद्यालय भैरमगढ़ जिला बीजापुर में जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा संचालित बीजापुर करियर एकेडमी के द्वारा कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भैरमगढ़ श्री नेताम , महाविद्यालय के प्राचार्य एवं व्याख्याता गण उपस्थित रहे। बीजापुर करियर एकेडमी की ओर से किसलय देवांगन ने कोचिंग के उद्देश्य और नया बैच के संबंध में जानकारी दी, इस दौरान 10 दिसंबर 2023 दिन रविवार को सेंट्रल लाइब्रेरी बीजापुर में होने वाले परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छात्रों और समस्त भैरमगढ़ के युवाओं को आमंत्रित किया। जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा रविवार 10 दिसंबर को जिला स्तरीय युवाओं का सम्मेलन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ।

### क्या अब राजिम को जिला बनाने का सपना होगा पूरा



**राजिम, 8 दिसंबर।** राजिम कांग्रेस के 5 साल के शासन काल में और भाजपा अपने बीते 15 साल के शासनकाल में कई जिले बनाए पर कांग्रेस शासन काल में जिस प्रकार राजिम को जिला बनाने के लिए लोग लाम बंद हुए और अपनी मांग रखी तो क्या अब स्थानीय विधायक के बनने के बाद यह सपना पूरा होगा वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 33 जिले हैं और छत्तीसगढ़ को 36 जिलों के नाम से परिभाषित होने के लिए तीन जिलों की और आवश्यकता है ऐसे में क्या धर्म नगरी राजिम को जिला बनाने की लंबित मांग को भाजपा पूरा कर पाएगा या फिर स्थानीय विधायक राजिम को जिला बनाने में सफल होगा हालांकि भी सरकार का गठन नहीं हुआ है पर पूर्ण बहुमत के साथ आई भाजपा में मुख्यमंत्री बनाने का रास्ता आज कल में साफ हो जाएगा ।

यह स्थानीय मुद्दा जो चुनाव के साल भर और 6 माह पहले राजिम को जिला बनाने के लिए कांग्रेस शासन में लगातार उठ रहा था और इसे स्थानीय मांग और स्थानीय मुद्दा बनाकर माहौल तैयार किया जा रहा था। तो क्या अब राजिम को जिला बनने में कोई रोड़ा नही है। तो क्या राजिम को जिला बनाने का बहु प्रतीक्षित मांग पूरी हो पाएगा हालांकि यह तो समय बताएगा या फिर यह केवल चुनावी एजेंडा था जो चुनाव के बाद खत्म हो गया और फिर 5 साल बाद विधानसभा चुनाव के पहले फिर चुनावी मुद्दा बनेगा तो दूसरी तरफ जो धर्म नगरी राजिम को जिला बनाने लगातार सोशल मीडिया में मुखर हो रहे थे वे अब कहा दुबग गए हैं कहीं नजर नहीं आ रहे हैं ना ही आवाज उठा रहे हैं।

# 60 दिनो से आपातकाल चिकित्सा कक्ष में कोई मरीज नहीं हुआ भर्ती

## एम.डी मेडिसिन के ना रहने से आई.सी.यू में बंद जैसे हालात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव 8 दिसंबर।** सिविल हॉस्पिटल की स्वास्थ्य व्यवस्था इन दिनो वेंटिलेटर मे दिखायी दे रही है,यहा के आपातकाल चिकित्सा कक्ष मे पिछले 60 दिनो से एक भी मरीज की भर्ती नही की गयी है। गंभीर बिमारी वाले मरीजो को वार्ड मे रिफर कर दिया जा रहा है,जहा उनकी देखभाल के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी ख्याल नही रखा जा रहा। यहा का आई.सी.यू कक्ष लंबे समय से बंद पडा है,जिसके कारण गंभीर बिमारी के मरीजो को आपातकाल सुविधा के रूप मे वार्डो मे भर्ती किया जा रहा है,बताया जाता है कि आई.सी.यू प्रभारी एम.डी मेडिसिन का सप्ताह मे तीन दिन जशपुर दो दिन कांसाबेल



एवं एक दिन पत्थलगांव आने मे ही व्यतीत हो जाता है,जिसके कारण वे अपने घर की सेवा तो दे रही है,परंतु सिविल हॉस्पिटल के आई.सी.यू की सेवा से वंचित रह जाती है। बताया जाता है कि एम.डी मेडिसिन सप्ताह के अधिकांश दिन बाहर रहती है,जिसके कारण सिविल हॉस्पिटल के आपातकालिन मरीजो को आई.सी.यू की सुविधा नही मिल पाती। पिछले दो महिने से आई.सी.यू मे बंद जैसे हालात है,यहा चारो तरफबंद की बदबू के कारण अंदर आम आदमी का भी घुसना मुश्किल है,ऐसे हालात लंबे समय से बने रहने के बाद भी हॉस्पिटल प्रबंधक की ओर से आई.सी.यू शुरू कराने मे कोई दिलचस्पी नही दिखायी जा रही। लिहाजा अब मरीज सिविल हॉस्पिटल आने से कतराने लगे है,मरीजो का कहना है कि यहा आने के बाद संसाधनो की कमी सहना पुरानी आदत बन चुकी है,परंतु अब यहा ईलाज मिलना भी दुभर हो गया है। मरीजो के अनुसार मामुली सी बिमारी होने पर डॉक्टर अपना पल्ला झाडकर उन्हे बाहर रिफर कर देते है। सिविल हॉस्पिटल के संसाधन वर्षो से बेकार पडे है,ऐसे मे अब गंभीर बिमारी के मरीजो को आई.सी.यू की सुविधा ना मिल पाना सी.एच.सी हॉस्पिटल के नाम पर कालिक पोत रहा है। सिविल हॉस्पिटल मे की गयी एक पडताल मे पता चला कि एम.डी.मेडिसिन का सिविल हॉस्पिटल मे ना रहने के कारण पिछले लंबे समय से आई.सी.यू मे मरीजो को भर्ती नही किया जा रहा। एक जानकारी के अनुसार आई.सी.यू मे मरीज भर्ती करने के बाद एम.डी.मेडिसिन को वहा डयूटी देनी पडेगी,जिससे उन्हे अपने घर आने जाने मे तकलीफो का सामना करना पडेगा। बताया जाता है कि उक्त डॉक्टर को जिले के स्वास्थ्य अधिकारीयों का सरंक्षण प्राप्त है। कोरोना जैसी गंभीर बिमारी के कारण उपजे हालातो से अभी लोग पूरी तरह बाहर भी नही निकल पाये है कि दूसरे देश की एक अज्ञात बिमारी ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की नींद फिर से हराम कर दी है,ऐसे मे पत्थलगांव का सिविल हॉस्पिटल मे स्थित इंटेंसिव केयर यूनिट कक्ष का खुद बिमार रहना प्रबंधक की लापरवाही को दर्शाने का काम कर रहा है। एक तरह से आई.सी.यू हॉस्पिटल की ऐसी ईकाई है,जहा गंभीर रोग के मरीजो को ऑपरेशन या ट्रॉमा का ईलाज दिया जाता है ।

कुछ कारणवश आई.सी.यू बंद है,जल्द ही उसे शुरू करा दिया जायेगा।

**डॉ.जेम्स मिंज-ब्लाक चिकित्सा अधिकारी-पत्थलगांव**

## एक नजर

### बीजेपी वाले बुलडोजर की राजनीति कर छीन रही हैं गरीबों का रोजगार: शादाब जालियावाला

**भाटापारा 8 दिसंबर।** मतगणना के बाद में जैसे ही बीजेपी की सरकार बनना तय हुआ है



उसके बाद से बीते चार दिनों में बीजेपी बुलडोजर की राजनीति कर के गरीब आम जनता का रोजगार छीन के उन्हें परेशान कर रही है। इस मुद्दे में एनएसयूई ज़िला महासचिव शादाब जालियावाला ने कहा की ये बीजेपी जो गरीब और छत्तीसगढ़िया लोगो सब्जी ठेला,फल ठेला और गुमटिया एवं छोटे व्यापारी जो सड़क किनारे अपनी रोजी रोटी कमाते है उन्हे हटा कर परेशान कर रही इससे ये साफ जाहिर होता है की इनकी मानसिकता सिर्फ बड़े पूंजीपति और इंडस्ट्री वालो के हित में काम करने वाली सरकार है।गरीब,किसान एवं मजदूर की सरकार नही है। अतिक्रमण हटाने के नाम पे ये जो मनमानी कर रहे है वो सरासर गलत है। वैसे भी पहले ही केंद्र की बीजेपी सरकार रोजगार देने में असमर्थ रही है अब तो राज्य में भी बीजेपी की सरकार है और ये सरकार अब गरीबों का रोजगार छीन रही है पहले उन्हें उचित जगह में स्थांतरित करना चाहिए उसके बाद इस तरह की कार्यवाही करना चाहिए था।

### रोजगार कार्यालय में 8 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**राजनांदगांव 8 दिसम्बर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र तहसील परिसर राजनांदगांव में 8 दिसम्बर 2023 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा 5वीं एवं 8वीं उत्तीर्ण पुरूषों के लिए सिक्यूरिटी गार्ड के 100 पद, 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण एवं अनुत्तीर्ण पुरूषों के लिए सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पद, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50 पद, लेबर के 300 पद, मिस्त्री एवं कुल के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि एवं स्थान पर अपने सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, 4 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य है।

### केंद्रों से धान का उठाव जल्द से जल्द करें राइस मिलर:कलेक्टर

**उत्तर बस्तर कांकेर, 8 दिसम्बर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज शाम को जिले के राईस मिलर्स की बैठक लेकर धान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव जल्द से जल्द करने के लिए कहा, ताकि जाम की स्थिति निर्मित न होने पाए। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी मिलर्स से डी.ओ. कटवाकर कल से उठाव प्रारम्भ करने के लिए कहा। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज शाम 4.30 बजे आयोजित बैठक में कलेक्टर ने वर्तमान में बारिश को देखते हुए समितियों में उचित रख-रखाव एवं बारिश से धान को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। साथ ही मिलरों को कस्टम मिलिंग का कार्य शीघ्रता से करने के लिए कहा, ताकि धान की आवक के साथ-साथ मिलिंग बाधित न हो। उन्होंने कहा कि जिन मिलर्स के द्वारा पूर्व वर्ष का 70 प्रतिशत जमा किया जा चुका है, वे तत्काल मिल पंजीयन करा लें तथा अपनी मिलिंग क्षमता का पूर्ण उपयोग करें। जिले में खरीफ वर्ष 2022-23 के कुल 21 मिलरों का लगभग 09 हजार मीट्रिक टन चावल जमा करने हेतु शेष है, जिसे शासन से प्राप्त दिशा-निर्देश के अनुसार जमा करने पर जोर दिया। बैठक में राईस मिलरों ने समिति में धान उठाव में दिये जाने वाले हमाली भुगतान के संबंध में एकरूपता लाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने उप पंजीयक सहकारी संस्थाओं को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला खाद्य अधिकारी श्री जन्मेजय नायक ने बताया कि जिले में अब तक 98 हजार 442 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें से 17 हजार 465 मीट्रिक टन धान का कांकेर एवं धमतरी जिले के मिलरों का डी.ओ. जारी हो चुका है, जिसका उठाव प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि जिले के 102 उपार्जन केन्द्रों में बफर लिमिट से अधिक धान भंडारित है। इस संबंध में कलेक्टर ने प्रबंध संचालक मार्कफेड से पत्राचार करने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए।

# पीजी कालेज में जनजाति संस्कृति के संरक्षण के लिए घोटुल मॉडल का निर्माण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 8 दिसंबर।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के कुशल मार्गदर्शन एवं समाजशास्त्र विभाग, इतिहास विभाग के सौजन्य से महाविद्यालय में घोटूल मॉडल का निर्माण किया गया। बस्तर जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है यहाँ पर गोड, हल्बा, भतरा, मुरिया, मादिया, ध्रुवा, दोरला प्रमुख है। जनजातियों की पहचान उनके नृत्य, गीत, संस्कति, संस्कार एवं परम्पराओं से होता है। उन्हें अक्षुण्य बनाये रखने में उनका संरक्षण आवश्यक है। इस संग्राहालय में वस्तुओं के संग्रह के लिये समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.व्ही. क. रामटेके, डॉ. बसंत नाग, पुनित राम तडके, इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शरद ठाकुर, डॉ पूनम साहू एवं प्रो. सुमिता पाण्डेय तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको का सक्रिय योगदान रहा है। चित्रकला के माध्यम से जनजाति संस्कृति एवं उनके जीवन शैली



को समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों द्वारा दीवारों पर उकेरा गया। प्राध्यापकों के निर्देशन में जिन विद्यार्थियों ने घोटूल मॉडल को संवारा और सजाया, वे है कु. कामाक्षा सुदद्वार, फु तरूणा जैन, भुपेन्द्र कुमार नेताम, करन मरकाम मनीष कुमार नेताम, पिन्टुराम कांगे, कुशल नेताम, कुंदन मंडावी, योगेश कुमार मंडावी, रविना जैन, हेमलता नेताम, मनीष कुमार मण्डावी, तरूण सलाम आदि ने जनजाति कला को चित्रांकित किया। आधुनिकीरण के इस दौर में लोग अपनी प्राचीन विरासत, जनजाति संस्कृति को भूलते जा रहे है। महाविद्यालय के द्वारा सांस्कृतिक धरोहर को जन जन तक पहुँचाने एंव विद्यार्थियों को अपने विरासत की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से निर्मित यह घोटूल मॉडल सफल और सार्थक सिद्ध होगा।

# डिजिटल एक्स-रे 3 माह से बंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 8 दिसंबर।** सिविल अस्पताल कुरुद में डिजिटल एक्स रे होने के बावजूद भी विगत 3 माह से यह बंद पड़ा हुआ है । जिसके कारण उपचार हेतु आने वाले मरीजो को निराश होकर प्राइवेट अस्पताल में जाकर एक्स रे करवाना पड़ रहा है



। जिससे मरीजों को आर्थिक एवं शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा 3 माह से खराब पड़े एक्स रे मशीन के सुधार के लिए किसी प्रकार कोई कदम यहाँ के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा उठाया नहीं गया हैं । साथ ही सोनोग्राफी सुविधा होने के बाद भी इस अस्पताल में माह में 2 दिन बस सोनोग्राफी का सुविधा गर्भवती महिलाओं को मिल पाता है । अस्पताल में आने वाले मरीज और उनके परिजनों ने बताया कि सोनोग्राफी मशीन और एक्सरे मशीन लंबे समय से खराब है। जिससे लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है। प्राइवेट अस्पतालों में भारी भरकम शुल्क लिया जाता है। जनता के सुविधाओं के लिये इनके द्वारा कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया गया सरकार बदलने से इनकी धड़कने बढ़ने लग गया हैं। डॉ उमाशंकर नवरत्न ने बताया कि अस्पताल की एक्सरे मशीन और सोनोग्राफी मशीन दोनों ही महीने भर से खराब है।

## कलेक्टर ने बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मोहला 8 दिसंबर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 31 दिसंबर 2023 तक बीमा कराकर योजना का लाभ ले सकते हैं। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने आज बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के लिए चना,अलसी, गेहूं सिंचित,गेहूं असिंचित फसल का बीमा करा सकते हैं। इसके लिए कृषकों के द्वारा प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम राशि इस प्रकार है। चना हेतु 570 रुपये, अलसी के लिए 240 रुपये, राई -सरसों के लिए 345 रुपये, गेहूं सिंचित के लिए 630 रुपये एवं गेहूं असिंचित के लिए 345 निर्धारित किया गया है। बीमाँकित राशि प्रति हेक्टेयर इस प्रकार है। चना के लिए 38000 रुपये, अलसी के लिए 16 हजार रुपये, राई- सरसों के लिए 23000 रुपये, गेहूं सिंचित के लिए 42000 एवं गेहूं असिंचित के लिए 23000 रुपया निर्धारित किया गया है। जिले के लिए बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी को अधिकृत किया गया है। योजना का लाभ लेने के लिए कृषक द्वारा देय प्रीमियम विमित राशि का अधिकतम एक बार 1.5त्न निर्धारित किया गया है। इसी प्रकाश शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

# राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुई शासकीय कॉलेज की छात्रा पूर्णिमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा 8 दिसंबर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय की छात्रा पूर्णिमा सिन्हा भाग ले रही है।शिविर में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से लोक संस्कृति का आदान प्रदान किया जा रहा है।युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय क्षेत्रीय निदेशालय पटना द्वारा बी.आई.टी. मेसरा,पटना कैंपस बिहार में 2 से 8 दिसंबर तक राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना से देस के विभिन्न राज्य छत्तीसगढ़ झारखंड,उत्तर प्रदेश,बिहार,मध्यप्रदेश,महाराष्ट्र,सिक्किम,ओडिशा,चंडी गढ़,कर्नाटका,राजस्थान के स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाएं बड़ी संख्या में सम्मिलित हो रहे है।शिविर में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबंध शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका कु.पूर्णिमा सिन्हा पिता हेमसिंग सिन्हा ग्राम मड़ेली,बीकॉम प्रथम वर्ष सक्रिय



सहभागिता निभा रही है।इस शिविर का उद्देश्य देश के विभिन्न क्षेत्रीय लोकसंस्कृति को देश के कोने- कोने तक पहुंचाकर लोक संस्कृति का आदान प्रदान करना है।जिससे देश की एकीकरण एवं अक्षुण्णता बनी रहे।भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष इस प्रकार के राष्ट्रीय एकीकरण शिविरों का आयोजन क्षेत्रीय निर्देशालय के माध्यम से किया जाता है जिसमें सहभागिता कर स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाएं अपनी सांस्कृतिक,बौद्धिक एवं सामाजिक विकास कर पाते है।

## समाचार संक्षेप

### न्यायालय ने चोरी के आरोपी को 7 माह 16 दिन की सजा सुनाई

**पत्थलगांव 8 दिसंबर।** अंबिकापुर रोड स्थित दुर्गा मंदिर के




अंदर घुसकर दानपेटी तोडकर लगभग 25 हजार चढ़ोत्री की रकम चोरी की वारदात में दोषी पाए गए अभियुक्त समीर टोप्पो निवासी बूढ़ाडांड को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पत्थलगांव न्यायालय में सजा सुनायी है। अभियुक्त को आई.पी.सी की धारा 457 व धारा 380 के आरोप में 7 माह 16 दिन का कारावास एवं 500 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अभियोजन घटना अनुसार मंदिर के व्यवस्थापक प्रयागराज अग्रवाल द्वारा दिनांक 28 फरवरी को रात्रि में माता की आरती होने के उपरांत मंदिर एवं बरामदा चेनल गेट का ताला लगाकर मंदिर को बंद कर अपने घर चले गए अगले दिन दिनांक 1 मार्च को सुबह वह मंदिर पहुँचे और चेनल में लगा ताला खोलते हुए अंदर पहुँचे तो देखा की चोर ने बरामदे की जाली को काटकर वहा रखी दानपेटी के अंदर से 25 हजार रुपए चोरी कर लिए,मंदिर में अज्ञात चोर घुसने और दानपेटी में चढ़ोत्री की राशि की चोरी होने की सूचना पुलिस को दी गई। पत्थलगांव पुलिस द्वारा घटना पर अज्ञात के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना घटना स्थल का मौका नक्शा बना कर पूछताछ में एक आरोपी समीर टोप्पो निवासी बूढ़ाडांड से सख्ती से पूछताछ की गई,जिसके द्वारा अपराध को स्वीकार किया गया प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध विवेचना पूरी कर कोर्ट में पुलिस द्वारा अभियोग पत्र दाखिल किया गया। संबधित मामले में न्यायालय द्वारा अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यो को बिन्दुवार सुना गया,प्रकरण की सुनवाई पूरी करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पत्थलगांव उमेश कुमार भगवतकर द्वारा आरोपी के विरूद्ध लगे आरोपो को प्रमाणित पाते हुए दोषी करार करते हुये सजा सुनायी।

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा के लिए 8 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण 9 दिसंबर से

**महासमुंद 8 दिसंबर।** जिला प्रशासन तथा पूर्व सैनिक सेवा संघ महासमुंद के संयुक्त तत्वाधान में अग्निवीर भर्ती में अधिक से अधिक संख्या में युवा सफल हो इसके लिए शारीरिक दक्षता की तैयारी शुरू करने जिला प्रशासन द्वारा पहल की जा रही हैं। इसका प्रमुख उद्देश्य युवा जो अग्निवीर भर्ती परीक्षा में सफल होने तैयारी कर रहे हैं उन युवाओं की कमियों को बताकर उन्हें और बेहतर बनाने पहल की जा रही हैं। ताकि अधिक से अधिक संख्या में युवा तैयारी कर अग्निवीर में भर्ती हों सके। इसमें 17 से 21 वर्ष के जिले, अन्य जिले व राज्य के निवासरत युवा, युवतियां शामिल होकर निःशुल्क प्रशिक्षण 9 दिसंबर से 16 दिसंबर 2023 तक प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए 8 दिसम्बर तक पंजीयन किया जा सकता है। गत 6 दिसंबर को कलेक्टर सभाकक्ष में इस संबंध में बैठक बुलाई गई जिसमें कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकाश राव गिरपुंजे व खेल अधिकारी श्री मनोज धृतलहरे को आवश्यक तैयारियां शुरू करने कहा गया। युवाओं के बेहतर तैयारी पूरी करने आवश्यक सामग्री, मैदान जिसमें 1600 मीटर दौड़, लंबीकूद, ऊंचीकूद, पुल अप, जिक जैक रन, शटल रन इत्यादि किए जाने चर्चा किया गया। अग्निवीर भर्ती के लिए जिले में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना में लोकनाथ डडसेना पूर्व सैनिक 88883-68895 से संपर्क किया जा सकता हैं।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रिसाली, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना-पत्र**

क्रमांक - रा.नि. 2023, रिसाली
दिनांक 7/12/023

प्रति,
आवेदक/आवेदिका- बिरजा जेना/रामेश्वर जेना
सीमावर्ती भूमिस्वामी
1. हरीश आडिल
2. कुलेश्वरी वर्मा

विषय:- सीमांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जाँच में उपस्थित होने बावत।

ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 रा.नि.मं. रिसाली तहसील व् जिला-दुर्ग (छग) स्थित भूमि खसरा न. 104/22 रकबा 0.01 न्यायालय में सीमांकन/बंदोबस्त तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 514 वाचक/मा.तह.2022/दुर्ग दिनांक 1/9/23 के परिपालन में दिनांक 15/12/023 को 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन स्थल जांच किया जाना है, अतः दस्तावेज रजिस्ट्री बैनामा लेआऊट सहित नियत समय पर उपस्थित होवें, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
रिसाली
तहसील व जिला-दुर्ग

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..........
अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक प्रकाशचंद अग्रवाल आ. राजेन्द्र कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी संजय नगर वार्ड नंबर 09 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि नजूल शहर डोंगरगढ़ स्थित भूमि शीट कमांक 06 भूखण्ड कमांक 1637/1, 1637/2 में से क्षेत्रफल कमशः 1924, 60 कुल क्षेत्रफल 1984 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विकयपत्र के द्वारा दिनांक 04/07/2023 को क्रय किया है। उक्त क्रय की गई भूमि को आवेदक अपने नाम से नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन पत्र के साथ, तलवाना, बैनामा की छाया प्रति पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 15/12/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकतें हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 22/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़


## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक

# खरीदी केंद्रों में धान को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश

**महासमुंद 8 दिसंबर।** कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर सभी विभागों के लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी को धान को बेमौसम बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। इसके तहत सभी केन्द्रों में कवर कैंप रखने कहा गया है। उन्होंने सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सहकारिता, बैंक, खाद्य विभाग एवं नोडल अधिकारियों को फील्ड में जाकर धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने कहा है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी उपार्जन केन्द्रों में धान की स्केटिंग बारिश से बचाव के लिए उचित तरीके से ढका हुआ हो, यह सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में धान खराब न हो। साथ ही कहा कि खरीदी के साथ-साथ उठाव भी जारी रखें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला




पंचायत श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री दुर्गेश वर्मा, निर्भय साहू, एसडीएम श्री उमेश साहू, श्रीमती सृष्टि चंद्राकर, श्री ओंकारेश्वर सिंह सहित डिप्टी कलेक्टर एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

विधानसभा निर्वाचन सम्पन्न होने के पश्चात आयोजित समय-सीमा की पहली बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को उनके जिम्मेदारी पूर्वक किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही जिले के मीडिया कर्मियों को भी निर्वाचन प्रक्रिया में सकारात्मक कव्हरेज के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी समय-सीमा पत्रक, जन शिकायत, मुख्यमंत्री जन चौपाल के कोई भी प्रकरण और पत्र लंबित नहीं होना चाहिए। उसे तत्काल निराकरण करके पोर्टल में एंट्री करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व प्रकरणों, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि को प्राथमिकता से तथा समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में जहां-जहां अतिक्रमण की शिकायत आती है वहां जांच करते हुए अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्यवाही करें। बैठक में शहरों के बीच से गुजरने वाले रेत के परिवहन पर रोक लगाने तथा वैकल्पिक मार्ग से परिवहन करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश खनिज अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी को दिए है। कलेक्टर श्री मलिक ने 16 दिसम्बर को आयोजित होने वाले लोक अदालत के लिए सभी विभागों के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए लोक अदालत में प्रकरण भेजने के निर्देश दिए है। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली और पंखा की स्थिति के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में मरम्मत की आवश्यकता है उसके लिए आवश्यकता अनुसार प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए है। सभी जनपद सीईओ को आंगनबाड़ी का निरीक्षण करते हुए गर्भवती माताओं को मिलने वाले गर्म भोजन की जानकारी लेने कहा गया है। साथ ही लोक सेवा केन्द्रों में आय, जाति और राजस्व संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार बारी-बारी से लंबित प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली।

## एक नजर

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 8 दिसंबर।** तात्यापारा स्थित कुसुम ताई स्कूल के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया स्वेता भालकर 42 वर्ष तात्यापारा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया ने अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 डीआर 7776 को घर के बाहर खड़ी की थी, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुलिस ने की जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर, 8 दिसंबर।** राजेन्द्र नगर और गुढ़ियारी पुलिस की टीम ने जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तासपत्ती, सट्टा पट्टी सहित नकदी 5950 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने अमलीडीह तालाब के पास जुआ खेलते आरोपी सावंत सिंह 30 वर्ष सहित अन्य 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 2500 रुपए जब्त किया है। इसी तरह गुढ़ियारी पुलिस ने कलिंग नगर पेट्रोल पंप के पास सट्टा खिलाते आरोपी मुकेश कुमार साहू 30 वर्ष एवं प्रीतम ढीढी 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से सट्टा पट्टी सहित नकदी 3450 रुपए जब्त किया है।

### सरेआम शराब पीते दर्जन भर गिरफ्तार

**रायपुर, 8 दिसंबर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने गोंदवारा ब्रीज के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सतवन सिंह 27 वर्ष व पी. सुशील 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गंज पुलिस ने आरोपी राजू बघेल 52 वर्ष, रमेश लाल गोदवानी 57 वर्ष, नंद कुमार अवस्थी 42 वर्ष व जिसान अली 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी अविनाश सिंह ठाकुर 42 वर्ष व युगल किशोर साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी राजेश घृतलहरे एवं गोलबाजार पुलिस ने नरेन्द्र चौहान 26 वर्ष, जितेन्द्र निषाद 37 वर्ष व जाकिर खान 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब बेचते 4 गिरफ्तार

**रायपुर, 8 दिसंबर।** राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 102 पाव देशी शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस ने दोंदेकला बाजार के पास अवैध शराब बेचते आरोपी दुलेश यादव 19 वर्ष के पास से 14 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने आरोपी चंद्रहास निर्मलकर 19 वर्ष व शत्रुघन सेन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 64 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं गोबरा नवापारा पुलिस ने आरोपी भारत डहरिया 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 24 पाव देशी शराब जब्त किया है।

### छत्तीसगढ़ में बदले जाएंगे पीसीसी प्रमुख

**रायपुर, 8 दिसंबर।** राजस्थान,मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में मिली हार की समीक्षा के के साथ ही संभवतः इन तीनों राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी बदल दिए जाएंगे। वहीं आगामी लोकसभा चुनाव को देखते आलाकमान बड़े बदलाव कर सकती है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ , मध्यप्रदेश और राजस्थान में प्रदेश अध्यक्ष का चेहरा बदला जाएगा। हार की समीक्षा के दौरान अब देश में होने वाले लोकसभा के लिए कांग्रेस जोरदार तैयारी कर रही है। बताया जाता है कि तीनों राज्यों में मिली करारी हार का कारण अब तक कांग्रेस समझ नहीं पा रही है। बात छत्तीसगढ़ की करें तो यहां भूपेश सरकार के कामकाज बेहतर थे, बावजूद इसके छत्तीसगढ़ में मिली हार का स्पष्ट कारण अब तक कांग्रेस ढूंढ नहीं पाई है।

# महापौर एजाज ढेबर के वार्ड में चला निगम का बुलडोजर

## कालीबाड़ी चौक से हटाए गए 10 साल पुराने अतिक्रमण

**रायपुर 8 दिसंबर।** जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने आज सुबह कालीबाड़ी चौक पर लगभग 10 साल पुराने अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई की. निगम के अतिक्रमण तोड़ू दस्ते में शासकीय वन आवासीय परिसर से लगी लगभग साढ़े चार सौ वर्गफीट जमीन को पुराने अवैध कब्जे से मुक्त कराया है. लगभग दस साल से इस जमीन पर किसी ज्योतिप्रकाश ने अवैध रूप से अपना कब्जा किया था और उस पर चार पक्की दुकानें बनाकर व्यावसायिक परिसर चला रहा था।



नगर निगम जोन क्रमांक 3 के आयुक्त राकेश शर्मा ने बताया कि इस अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए कब्जाधारी को 2017 में भी नोटिस जारी की गई थी. कब्जाधारी ने साढ़े चार सौ वर्गफीट इस जमीन को अपने स्वामित्व की भूमि बताकर कब्जा हटाने से मना किया था. इस पर राजस्व अम्ले ने तहसीलदार के नेतृत्व में मामले की जांच की थी और इस भूमि को शासकीय नजूल की भूमि होना पाया था. इसके बाद आज सुबह निगम के अतिक्रमण तोड़ू दस्ते ने राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में इस अवैध अतिक्रमण को ढहा दिया है और जमीन को मुक्त करा लिया है।

# ठेले, खोमचे वालों पर बुलडोजर चलाकर क्या संदेश देना चाहते हैं :सुशील आनंद



**रायपुर 8 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में सरकार बदलते ही बुलडोजर की कार्यवाही को लेकर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्लाने निगम और पुलिस अधिकारियो को नसीहत देते हुए कहा की आज भाजपा की सरकार है, अगर सरकार ने आदेश नहीं दिया है तो ऐसी कार्रवाई हो रही तो गलत है ठेले, खोमचे वालों पर बुलडोजर चलाकर क्या संदेश देना चाहते है अगर किसी ने ग़लत किया तो क़ानून के तहत कार्रवाई करें।

सरकार बदलते ही बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने निगम प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। उन?होंने कहा, अधिकारियों से कहूंगा मर्यादाओं के इतर जाकर काम ना करें। आज भाजपा की सरकार है। अगर सरकार ने आदेश नहीं दिया है तो ऐसी कार्रवाई आप कर रहे हो तो गलत है। ठेले, खोमचे वालों पर बुलडोजर चलाकर क्या संदेश देना चाहते हैं। रोज़ी रोटी पर बुलडोजर चला रहे है हम विपक्ष पर रहकर लड़ाई लड़ेंगे।

विधानसभा नेता प्रतिपक्ष को लेकर सुशील आनंद शुक्ला ने कहा ड्ड कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी पर्यवेक्षक आयेंगे, अभी इसके लिए कुछ तय नहीं हुआ पार्टी के कार्यक्रम आने बाद ही कुछ होगा इसमें अभी कुछ कहना जल्दबाज़ी होगी, वही दिल्ली में कल होने वाली कांग्रेस की बैठक पर कहा- जहां जहां चुनाव हुए वहाँ के नेताओं की बैठक है हार की क्या वजह रहेगी उसकी समीक्षा होगी सभी चीजों पर विमर्श होगा।

# किसानों के खाते से ऋण की वसूली

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर,8 दिसंबर।** कांग्रेस के चुनाव हार जाने के बाद अब ऐसे किसान परेशान हैं जिन्होंने कर्ज माफी के आकर्षण में कांग्रेस को वोट दिया था। इस समय धान खरीदी में जिन किसानों ने सहकारी बैंकों से कर्जा लिया था उसे तत्काल काटा जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार सहकारी समिति में धान बेचने के बाद बैंकों के माध्यम से इसका भुगतान किया जाता है लेकिन धान बेचने वाले किसानों को यह पता नहीं था कि राज्य में भाजपा की सत्ता आ जाएगी। भाजपा के सत्ता आने के बाद प्रदेश के पांच सहकारी बैंकों में किसानों के खाते से ऋण की वसूली की जा रही है। ज्ञात रहे किसान खाद बीज तथा ट्रैक्टर खरीदी के लिए ऋण लेते हैं यह ऋण 0 प्रतिशत ब्याज पर लिया जाता है। सहकारी नियमों के अनुसार जब किसान धान बेचते हैं तो कर्ज की राशि को तत्काल काट दिया जाता है। इसे लिकिंग कहा जाता है। परिणाम आने के बाद किसान मंडियों में धान बेचने जाते हैं वहां पर उनकी ऋण की राशि काटी जा रही है। अब ऐसे किसान जिन्होंने कांग्रेस को वोट दिया था अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं।



सहकारिता नियमों के अनुसार जो बैंक से कर्ज लेते हैं उनका अल्पकालीन ऋण माफ किया जाता है लेकिन कांग्रेस ने किसानों के सभी तरह के कर्ज माफ करने की घोषणा की थी इससे किसान प्रभावित भी हुए थे। प्रदेश के चांपा- जांजगीर, सक्ति तथा रायगढ़ जिले में इसका असर दिखाई दिया। रायगढ़ से सिर्फ भाजपा के ओपी चौधरी चुनाव जीतकर आये। महासमुंद सहित अन्य छोटे जिलों में भी इसका असर हुआ लेकिन सरगुजा व बस्तर में इसका कोई असर नहीं दिखाई पड़ा। अब भाजपा ने किसानों को बोनस एक मुश्त राशि देने की घोषणा की है वहीं धान 3100 क्विंटल की दर खरीदने का घोषणा संकल्प पत्र किया है। किसान इसका इंतजार कर रहा है।

# प्रत्याशियों को देना होगा खर्च का ब्यौरा

- व्यय पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में खर्च का होगा हिसाब-किताब
- नोटा में रिकार्ड मत पड़ने से लोग आश्चर्यचकित

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर,8 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा 2023 के परिणाम आने के बाद अब सभी प्रत्याशियों को 15 दिनों के अंदर खर्च का ब्यौरा देना होगा। व्यय पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में खर्च का हिसाब किताब लिया जाएगा। जो प्रत्याशी खर्च का हिसाब नहीं देगा चुनाव आयोग भविष्य में उसे आयोग घोषित कर देगा। मतगणना के पश्चात नोटा में 1.50 लाख मत पड़े हैं जो कि आश्चर्य का विषय है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार विधानसभा में कुल 1164 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। विधानसभा चुनाव दो चरणों में हुए थे। मतदान के पश्चात सभी प्रत्याशी अपना व्यय लेखा अपने-अपने सीए के माध्यम से बना रहे हैं। दूसरे चरण के प्रत्याशियों यह काम करना शुरू कर दिया है।

आयोग द्वारा 40लाख रुपये की खर्च सीमा तय की गई थी। प्रत्याशी इससे कम का खर्चा दर्शा रहे हैं। आयोग के अनुसार शीघ्र ही व्यय पर्यवेक्षक आने वाले हैं। वे हिसाब किताब लेकर क्लीन चीट प्रदान कर देंगे। आयोग में जो खर्च का हिसाब- किताब नहीं देगा उसे भविष्य में चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य कर दिया जाएगा।

शासकीय कर्मचारियों के चुनाव प्रचार करने की शिकायतें इस समय आयोग में शिकायतों का दौर जारी है। कई शासकीय कर्मियों तथा संविदा कर्मचारियों द्वारा चुनाव प्रचार करने की निरंतर शिकायतें आ रही हैं। आयोग द्वारा संबंधित विभाग को दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। आयोग ने पदस्थापना को लेकर भी अपनी अनुशंसा भेज दी है। 5 दिसंबर को आचार संहिता समाप्त हो गयी है लेकिन शिकायतों का दौर जारी है। 2023 विधानसभा निर्वाचन में मतगणना स्थल एवं मतदान स्थल की चॉक चौबंद व्यवस्था के लिए आयोग ने अपने अधिकारियों को भेजा था। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नोटा में वोट नहीं देने की अपील की थी लेकिन हकीकत कुछ और भी है। पत्थलगांव सहित अनेक क्षेत्रों में प्रत्याशी मात्र 200 वोट से हारे हैं लेकिन नोटा में 2 हजार मत पड़े हैं। आयोग ने राज्य शासन के राजपत्र में विधायकों की सूची प्रकाशित कर दी गई है। इसकी एक प्रतिलिपि भारत निर्वाचन आयोग भेज दी गई है।

## पोस्टल बैलेट में सरकारी कर्मचारियों ने भाजपा को दिया ज्यादा वोट

**रायपुर, 8 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पोस्टल बैलेट में सरकारी कर्मचारियों ने कांग्रेस के बजाय भाजपा को ज्यादा वोट दिया है। आयोग से मिले आंकड़ों पर गौर करें तो चुनाव में एक लाख तीन हजार 753 डाक मतपत्र निर्वाचन आयोग को प्राप्त हुआ था। इनमें 43,023 वोट भाजपा व कांग्रेस को 40,768 डाक मत-पत्र प्राप्त हुआ।

विधानसभा चुनाव में अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा 80 वर्ष से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग, दिव्यांग और अनिवार्य सेवा ड्यूटी में लगे मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिए वोट किया था। 90 विधानसभा की स्थिति पर गौर करें सबसे ज्यादा टीएस सिंहदेव को 1041 वोट मिला, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह 639 ,पाटन विधानसभा से भूपेश बघेल को 591, विजय बघेल को 411, संपत अग्रवाल को 803, विजय शर्मा को 868 डाक मत मिले हैं।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने पांच दिसंबर को राजभवन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात करके उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य की छठवीं विधानसभा के गठन के निर्वाचित सदस्यों की अधिसूचना के साथ निर्वाचित अभ्यर्थियों की सूची सौंपी थी।



**रायपुर 8 दिसंबर।** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा बृजमोहन अग्रवाल के प्रचंड मतों से विजय होने पर उनका स्वागत महिला मंडल की अध्यक्ष माया मुरारका , महामंत्री ममता अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष राजरानी बंसल ,उपाध्यक्ष संगीता मित्तल, संगीता सरावगी ,संगठन मंत्री शशि अग्रवाल, नीरू तायल,मंत्री अर्चना अग्रवाल, संजू अग्रवाल,सलाहकार डॉक्टर सीमा जिंदल, प्रचार प्रसार ज्योति अग्रवाल,निधि अग्रवाल, भाटागांव की सह संयोजिका किरण अग्रवाल आदि पदाधिकारियों द्वारा स्वागत पुष्प गुच्छ एवम मिठाई खिला कर किया गया।

# बृजमोहन ने लिया महंत का आशीर्वाद

**रायपुर 8 दिसंबर।** विधायक बृजमोहन महंत रामसुंदर दास से मिलने दुधाधारी मठ पहुंचे । राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी का श्रीफल व शाल से स्वागत कर उनका चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया, प्रतिद्वंदी प्रत्याशियों के बीच ऐसी सौहार्दता आज के राजनैतिक समाज में कम ही देखने को मिलती है।

बृजमोहन जी हमेशा कहते हैं की राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं पर कभी किसी से राजनीतिक मनभेद नहीं रखना चाहिए । मनभेद हमेशा व्यक्ति को नीचे ही ले जाता है

आदरणीय महंत जी एवं ब्रजमोहन जी के बीच ऐसे ही मधुर संबंध तीन दशक से हैं ,उनके पहले दूधाधारी मठ के ब्रम्हलीन महंत लक्ष्मी नारायण दास जी के भी बृजमोहन जी व पिताजी श्री रामजीलाल जीअग्रवाल के ऐसे ही गुरु शिष्य के मधुर संबंध थे ।अग्रवाल परिवार के मठ व पूज्य महंत जी के प्रति असीम श्रद्धा है। भगवान बालाजी सदैव उनकी रक्षा करें व उनके इस सहृदयता के गुण को सदैव बनाए रखें ।



# अखबार बांटने निकले मासूम को कार से टक्कर मारने वाला चालक गिरफ्तार

**रायपुर 8 दिसंबर।** राजधानी रायपुर में कल सुबह तेज रफ्तार कार चालक ने नाबालिग बालक को ठोकर मार कर फरार हो गया था। इस हादसे में नाबालिग की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 07.12.2023 को प्रार्थी संजय कुमार पटेल पिता स्व0 भीखम लाल पटेल उम्र 46 साल सा0 भवानी चौक संजय नगर जनक बढई के घर के बाजू थाना टिकरापारा रायपुर निवासी दिनांक 07.12.2023 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की वह अपने घर के पास संजय नगर पंचमुखी मंदिर के पास सुबह 06¬00 बजे चाय ठेला चाय पीने खडा था उसी दौरान उसका नाती नाबालिक बालक अपनी सायकल से पेपर बॉटने के लिए सिद्धार्थ चौक की तरफ से संजय नगर बस्ती की ओर जाने के लिए रोड क्रॉस कर रहा था।

तभी संतोषी नगर की ओर से आ रही एक टाटा कंपनी का कार कमांक सीजी 04 एन.ई. 2076 का चालक अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर नाबालिक बालक के सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे उसके सिर में अंदरूनी चोंट लगकर नाक से खून निकल रहा था एवं मौके में ही बेहोस हो गया जिसे उपचार हेतु मेकाहरा अस्पताल ले जाने पर डॉ0 द्वारा मृत घोषित कर दिया की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक एवं वाहन के विरूद्ध अपराध क्रमांक 664/2023 धारा 279, 304 ए भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया।




घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों तथा थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश रावटे टिकरापारा को निर्देशित किया गया।

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश रावटे टिकरापारा को आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी द्वारा संयुक्त टीम तैयार कर टीम के सदस्यों द्वारा प्रार्थी एवं आसपास के लोगो से विस्तृत पूछताछ कर आई.टी.एम.एस. से फुटेज प्राप्त कर आरोपी टाटा कंपनी का कार कमांक सीजी 04 एन.ई. 2076 के वाहन स्वामी दीपावली देवी पति देवकुमार साहू सा0 गुलशन वाटिका सेजबहार रायपुर का पहचान कर वाहन स्वामी से संपर्क कर वाहन एवं चालक के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आरोपी वाहन चालक लक्ष्मीनारायण नागरची पिता स्व0 मदन लाल नागरची उम्र 33 साल सा0 बोरियाखुर्द आर.डी.ए. कालोनी टिकरापारा रायपुर को तत्काल गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त वाहन टाटा नेक्सान कंपनी का कार कमांक सीजी 04 एन.ई. 2076 को बरामद किया गया।

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र वाले पार्षद की मेयर शिकायत करें : दुबे

**रायपुर 8 दिसंबर।** भाजपा के एक वरिष्ठ पार्षद का जाति प्रमाण पत्र फर्जी है समय आने पर मैं इसका खुलासा करुँगा - यह महापौर एजाज ढेबर ने कहा है और कई भाजपा के पार्षद मेरे समर्थन में हैं । महापौर के इस वक्तव्य पर भाजपा पार्षद दल प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने कहा कि रायपुर राजधानी की चारों विधानसभा सीटों पर जनता ने भाजपा को प्रचण्ड मतों से जिताया है । इतनी बड़ी हार से महापौर एजाज ढेबर बौखला गए हैं उनका मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया है इसलिए वे भाजपा पार्षद दल के द्वारा उनसे इस्तीफा माँगना और सदन में अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने के डर के कारण अनर्गल बयान दे रहें हैं कि भाजपा के एक वरिष्ठ पार्षद का जाति प्रमाण पत्र फर्जी है । यदि किसी भाजपा पार्षद का जाति प्रमाण पत्र फर्जी है तो महापौर को उसका खुलासा करना चाहिए था। चार साल से कांग्रेस की सरकार थी , मुख्यमंत्री थे तो फर्जी जाति प्रमाण पत्र वाले भाजपा पार्षद पर महापौर ने कार्यवाही क्यों नही की । भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने कहा है कि जिस वरिष्ठ पार्षद के फर्जी जाति प्रमाण पत्र की बात महापौर कह रहे हैं , उनके पार्षद चुनाव के नामांकन के समय कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी ने जाति प्रमाण पत्र पर आपत्ति दर्ज कराई थी जिसका निराकरण तत्कालीन कलेक्टर भारती दासन ने किया था।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23